

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 31 जुलाई 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-07 ■ वर्ष -41 ■ अंक-124 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 01 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नियद नेल्लानार योजना के तहत घोर नक्सल प्रभावित इलाके तक पहुंचा 4जी नेटवर्क

**सुकमा,31 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन की "नियद नेल्ला नार" योजना के तहत घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोलाकोण्डा में 31 मार्च 2025 को जियो का 4जी मोबाइल नेटवर्क शुरू किया गया है। यह सुविधा सुरक्षा बलों के लगातार प्रयास और जिला प्रशासन व 165वीं बटालियन सीआरपीएफ के सहयोग से संभव हो सकी। गोलाकोण्डा सहित आस-पास के गांव गुण्डम, ओईगुड़ेम, भट्टीगुड़ेम, मड़कामीपारा, तुमीरपारा और रेंगापारा अब मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट से जुड़ चुके हैं। इससे न केवल स्थानीय लोगों को संचार की सुविधा मिलेगी, बल्कि विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई में भी मदद मिलेगी। इंटरनेट की उपलब्धता से ग्रामीण अब देश-दुनिया की खबरों से भी आसानी से जुड़ सकेंगे। गौरतलब है कि, बीते दो वर्षों में सुकमा जिले के अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा बलों की मदद से 31 स्थानों पर जियो के 4जी मोबाइल टावर लगाए जा चुके हैं। इसका सीधा लाभ ग्रामीणों और सुरक्षा बलों दोनों को मिल रहा है। टावर लगने के बाद स्थानीय लोगों ने सुरक्षा बलों के प्रति आभार जताया है। जिले के अन्य दुर्गम गांवों में भी मोबाइल नेटवर्क पहुंचाने का काम तेजी से जारी है, ताकि पूरे सुकमा में संचार व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

# मालेगांव ब्लास्ट में साध्वी प्रज्ञा बरी

**मालेगांव,31 जुलाई।** मालेगांव बम धमाके के केस में सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सभी 7 आरोपियों को एनआईए कोर्ट ने बरी किया है। इस केस के सभी गवाह अपने शुरुआती दावे से पलट गए थे। इसके चलते किसी को भी दोषी नहीं ठहराया जा सका। अब इस मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का बयान आया है और उन्होंने खुद को बरी किए जाने को भगवा की जीत बताया है। यह कहते हुए वह अदालत में बेहद भावुक हो गईं और रो पड़ीं। साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि अदालत का यह फैसला मेरी ही नहीं बल्कि भगवा की जीत है। साध्वी प्रज्ञा सिंह और कर्नल पुरोहित की इस मामले में काफी चर्चा हुई थी। यही नहीं साध्वी प्रज्ञा ने हिंदुत्व के नाम पर खुद के उत्पीड़न का आरोप तत्कालीन यूपीए सरकार पर लगाया था।

### भगवा की जीत हुई, भावुक होकर रो पड़ीं



एनआईए कोर्ट में जज को संबोधित करते हुए साध्वी प्रज्ञा सिंह ने कहा, 'मैंने शुरू से ही कहा था कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उनके पीछे कोई न कोई आधार ज़रूर होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और मुझे गिरफ़्तार करके प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी लेकिन मुझ पर आरोप लगाए गए और कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। मैं ज़िंदा हूं क्योंकि मैं एक सन्यासी हूं। उन्होंने साज़िश करके भगवा को बदनाम किया। आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है और ईश्वर दोषियों को सज़ा देगा। हालांकि, भारत और भगवा को बदनाम करने वालों को आपने ग़लत साबित नहीं किया है...।' अदालत में फैसला सुनाए जाने के दौरान आज साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और अन्य साथी उपस्थित थे। बता दें कि इस केस ने यूपीए सरकार के दौरान बहुत सुर्खियां बटोरी थीं। पी. चिदंबरम ने इसी मामले को लेकर हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंकवाद जैसे शब्द का जिक्र किया था। इसे लेकर संघ परिवार ने कांग्रेस और यूपीए सरकार पर जमकर हमला बोला था। माना जाता है कि भगवा आतंकवाद जैसी बात करना ही कांग्रेस के लिए भारी पड़ गया था। शायद उसी का जिक्र करते हुए साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने फैसला आने के बाद भगवा की जीत की बात कही।

### मालेगांव फैसले के बाद कांग्रेस सांसद के विवादित बोल

मालेगांव बम धमाका केस में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और कर्नल पुरोहित को बरी किए जाने पर कांग्रेस की सांसद रेणुका चौधरी ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में इन लोगों को छूटना ही था। अब छूट गए हैं, देखते हैं कि आगे क्या होता है। ये हमें पहले से ही लग रहा था। यही नहीं रेणुका चौधरी ने कांग्रेस की ओर से हिंदू आतंकवाद जैसी टर्म दिए जाने पर माफी मांगने की बात से भी इनकार किया। यही नहीं उन्होंने कहा कि ऐसा कहने में कोई बुराई नहीं है। रेणुका ने कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता है। जब हम मुस्लिम आतंकवादी कहते हैं तो हिंदू आतंकवाद कहने की मजबूरी हो जाती है। इसीलिए हम आतंकवाद ही कहते हैं। आतंकवादी किसी भी धर्म में हो सकते हैं। हिंदू धर्म में कई तरह के लोग होते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या हिंदू आतंकवादी हो सकता है? इस पर रेणुका चौधरी ने कहा कि हां, हो सकते हैं। रेणुका चौधरी ने कहा कि आखिर नक्सली कौन हैं? उनका मजहब क्या है? क्या वे आतंकवादी थे? आप उन्हें क्या मानेंगे। रेणुका चौधरी ने कहा कि हिंदू आतंकवादी हो सकता है।

## ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को मरी हुई बताया

**वाशिंगटन,31 जुलाई।** भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस को भी धमका रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को 'खत्म' करार दिया। साथ ही संकेत दिए हैं कि अमेरिका अब रूस और भारत के साथ ज्यादा व्यापार नहीं करना चाहता। खास बात है कि रूस के साथ तेल खरीदने के चलते अमेरिका ने भारत पर जुर्माना भी लगाया है। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, 'मुझे फर्क नहीं पड़ता कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वो अपनी पहले ही खत्म अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ और गिरा सकते हैं। हमने भारत के साथ बहुत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, बल्कि दुनिया में सबसे ज्यादा में से एक हैं। वैसे ही रूस और अमेरिका ना के बराबर व्यापार करते हैं। इसे ऐसा ही रहने देते हैं।' उन्होंने कहा, 'और रूस के असफल राष्ट्रपति मेवदेव को जाकर बोल दो कि जरा संभलकर बात करे। वह बहुत ही खतरनाक इलाके में दाखिल हो रहे हैं।' दरअसल, हाल ही में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेवदेव ने चेतावनी दी थी कि रूस के साथ वॉशिंगटन डीसी का खेल युद्ध का कारण बन सकता है।

## डोनाल्ड ट्रंप पगला गए हैं : चंद्रशेखर आजाद

**नई दिल्ली,31 जुलाई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पर यूपी के आजाद समाज पार्टी के नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद की प्रक्रिया आई है। चंद्रशेखर ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप पागल हो गए हैं। मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि वह किसी भी तरह से हमारे दोस्त नहीं हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने उनका सम्मान बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कई बार हमारा अपमान किया है। अमेरिका ने बार-बार छुरा घोंपा। उन्होंने 'वह पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं और हमारी सरकार का अपमान कर रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि ट्रंप जिस तरह से भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्हें कोई अधिकार नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान युद्धविराम में मध्यस्थता करके हमारी सरकार को नीचा दिखाने की कोशिश की। टंप बार-बार कहते रहे कि सीजफायर हमने कराया है। टंप पकिस्तान पर प्यार लूटा रहे हैं। अमेरिका पाकिस्तान की आर्थिक मदद कर रहा है।



## नक्सलियों के खिलाफ ज्वाइंट एक्शन में अब ईडी भी होगी शामिल

**रायपुर,31 जुलाई।** नक्सलियों के खिलाफ ज्वाइंट एक्शन में अब ईडी भी शामिल होगी. टेरर फंडिंग को लेकर रायपुर में हुई बड़ी बैठक में "प्लान ऑफ एक्शन टू नक्सल" पर चर्चा के दौरान इस संबंध में फैसला लिया गया. सीएम साय केंद्रीय मंत्रियों से करेंगे मुलाकात, वित्त मंत्री चौधरी अमेरिका के उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ में निवेश पर करेंगे चर्चा, प्रदेश में थमेगी बारिश की रफ्तार, जबलपुर से रायपुर के बीच चलेगी इंटरसिटी ट्रेनङ्कसमेत पढ़ें अन्य खबरेंङ्कबैठक में छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना,आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के आईजी, और डीआईजी शामिल थे. इस दौरान ईडी और एनआईए के अफसर से हाल में टेरर फंडिंग को लेकर हुए खुलासे पर चर्चा हुई. इसके साथ ईडी और एनआईए के ज्वाइंट ऑपरेशन पर जोर दिया गया. पूरी बैठक आईबी के स्पेशल डायरेक्टर ऋत्विक रूद्र ने ली. इस संबंध में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ईडी का काम अगर ऐसे मामलों में वित्तीय लेनदेन है, तो उसे रोकना है. ये आईबी की भी सूचना हो सकती है कि लेनदेन की जानकारी निकाल लें. विभिन्न एजेंसियां ये काम करती हैं. ये दिखता है कि मामला ईडी को दिए जाने लायक है तो दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि चाहे नक्सलियों का अर्बन, लीगल, फाइनांसियल या रूरल बेस हो, सब पर एजेंसियां काम कर रही हैं.



## पाकिस्तान ने चीन से लॉन्च किया रिमोट वाला सैटेलाइट

**इस्लामाबाद,31 जुलाई।** पाकिस्तान ने चीन की मदद से एक रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट लॉन्च किया है। इसकी लॉन्चिंग भी चीन स्थित शिचांग सैटेलाइट लॉन्चिंग सेंटर से हुई है। पाकिस्तान की स्पेस एंड अपर एटमॉस्पियर रिसर्च कमिशन यानी SUPARCO ने इसकी जानकारी गुरुवार को दी है। एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह सैटेलाइट पाकिस्तान और चीन को CPEC की निगरानी में मदद करेगी। इसके अलावा अंतरिक्ष से ही चीन और पाकिस्तान की कई साझा परियोजनाओं पर नजर रखी जा सकेगी। बता दें कि चीन पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से गुजरता है, जो वास्तव में भारत का हिस्सा है। यह सैटेलाइट पीओके पर भी नजर रखेगा और यह भारत के लिए भी एक अलर्ट रहने वाली खबर है। पाकिस्तानी एजेंसी का कहना है कि इस सैटेलाइस से कृषि क्षेत्र की जानकारी जुटाई जा सकेगी। इसके अलावा पर्यावरणीय मसलों का विश्लेषण करने में भी मदद मिलेगी। रणनीतिक महत्व की चीजों पर भी निगरानी रखी जा सकेगी और प्राकृतिक संसधानों का भी प्रबंधन किया जा सकेगा। पाकिस्तानी एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि सैटेलाइट से हमें पता चलेगा कि कहां पर भौगोलिक बाधाएं और उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है। एजेंसी का कहना है कि रिमोट से संचालित होने वाला पाकिस्तान का यह दूसरा सैटेलाइट है। इससे पहले PRSS-1 की लॉन्चिंग की गई थी। उसे 2018 में लॉन्च किया गया था। इस नए सैटेलाइट के साथ ही पाकिस्तान के कुल 5 सैटेलाइट अंतरिक्ष की कक्षा में सक्रिय हो गए हैं। पाकिस्तान का कहना है कि इससे हमें स्पेस आधारित मॉनिटरिंग और आपदा प्रबंधन में मदद मिलेगी। बता दें कि पाकिस्तान अंतरिक्ष अभियानों में भी पूरी तरह चीन पर ही निर्भरता रखता है। इसे ऐसे समझा जा सकता है कि उसका यह सैटेलाइट भी चीन से ही लॉन्च किया गया है।



### छत्तीसगढ़ में भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग

**जशपुर,31 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में आज सुबह भूकंप के झटके से इलाके में हड़कंप मच गया. सुबह करीब 7 बजकर 31 मिनट पर आए हल्के भूकंप के झटकों को लोगों ने साफ महसूस किया. करीब 4 से 5 सेकंड तक घरों में रखे बर्तन खनकते रहे और दरवाजे-खिड़कियां हिलती रहीं. झटकों के महसूस होते ही लोग एहतियातन घरों से बाहर निकल आए. हालांकि इस भूकंप से किसी तरह की जनहानि या नुकसान नहीं हुआ है. कई लोग देर तक एहतियात के तौर पर घर के बाहर ही खड़े रहे.

## 5 हजार के लिए पिता की हत्या

**सूरजपुर,31 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सूरजपुर जिले से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक बेटे ने अपने पिता की पीट- पीटकर हत्या कर दी। मोबाइल खरीदने के लिए अपने पिता से 5 हजार रुपये मांगे थे। जिसके बाद पैसे नहीं मिलने पर आरोपी बेटे ने घटना को अंजाम दिया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला हरिहरपुर गांव के रिझनाबहार का है। वहीं अंबिकापुर से हाथी के हमले का मामला सामने आया है। यहां पर हाथी ने दो लोगों को कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। इससे पहले बुधवार को हाथी ने एक महिला पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। बताया जा रहा है कि, हाथी हमले से 2 दिन के भीतर 3 ग्रामीणों की मौत हो गई है। यह पूरा मामला लुंड्रा वनपरिक्षेत्र के असकला इलाके का है।

**ग्रामीणों में दहशत का माहौल**-लुंड्रा वनपरिक्षेत्र में दल से बिछड़कर घूम रहा अकेला हाथी उत्पात मचा रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं मैनपाट इलाके में भी हाथियों का दल ग्रामीणों के मकान को नुकसान पहुंचा रहा है। जिसके चलते इंसानों का जीना दूभर हो गया है।



### 30 साल बाद मनोज तिवारी उठाएंगे कांवड़

**नई दिल्ली,31 जुलाई ।** भाजपा सांसद मनोज तिवारी बिहार से झारखंड के बैद्यनाथ मंदिर तक कांवड़ यात्रा करेंगे. उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी गुरुवार को बिहार के सुल्तानगंज से झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक 100 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी कांवड़ यात्रा पैदल करेंगे. आज से शुरू होकर उनकी ये यात्रा 3 अगस्त को समाप्त होगी.तीसरी बार लोकसभा सांसद बने तिवारी ने कहा, 30 साल बाद, मैं फिर से बाबाधाम की कांवड़ यात्रा करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि वह भगवान शिव से दिल्ली और बिहार के लोगों सहित सभी पर कृपा करने की प्रार्थना करेंगे.



### अमेरिका में एफ-35 फाइटर जेट क्रैश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में बुधवार को नौसेना का F-35 फाइटर जेट क्रैश हो गया. यह फाइटर जेट नेवल एयर स्टेशन लेमूर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है. नौसेना ने इसकी पुष्टि कर दी है. यह हादसा बुधवार सुबह 4.30 बजे के आसपास हुआ. नौसेना ने जारी बयान में कहा कि दुर्घटना के समय पायलट ने समय पर पैराशूट के जरिए बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली. वह सुरक्षित है. इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है. अभी हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है. नौसेना ने बयान में बताया कि यह विमान फाइटर स्क्वाड्रन VF-125 रफ रेडर्स का हिस्सा था. यह यूनिट फ्लीट रिप्लेसमेंट स्क्वाड्रन के तौर पर काम करती है.

## गौवंशों के खून से फिर लाल हुई सड़क

**बिलासपुर,31 जुलाई।** रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे एक बार फिर गौवंशों के खून से लाल हो गया. अबकी बार लिमतरा सरगांव के पास हुई घटना में तेज रफ्तार वाहन ने 16 गौवंशों को कुचल दिया, जिसमें से 15 की मौत हो गई, वहीं एक घायल है. घटना से आक्रोशित गौसेवकों ने मृत गायों की लाश को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया है. गौवंशों की सड़क दुर्घटना में मौत की जिले में यह 20 दिन के भीतर तीसरी बड़ी घटना है. इसके पहले इससे पहले रतनपुर, चकरभाठा, सिलपहरी-कराड़ और ढेका के बीच हुए एक दर्दनाक हादसे में 50 से ज्यादा गौवंशों की मौत हो गई थी. बता दें कि एक दिन पहले ही प्रशासन ने लगातार सड़क दुर्घटना में हो रही गौवंशों की मौत को देखतेहुए जिले में धारा 163 को प्रभावशील किया है. इसके बाद अब हादसे के लिए अब मवेशी मालिक जिम्मेदार होंगे. सड़कों में पशुओं को खुला छोड़ने पर पशु मालिकों को सजा होगी, और जुर्माना भी वसूला जाएगा.



## गवर्नमेंट टीचर की नौकरी दिलाने 300 लोगों से करोड़ों की ठगी

**रायपुर,31जुलाई।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में टीचर की नौकरी देने के बहाने रायपुर के एक एनजीओ ने करोड़ों का फर्जीवाड़ा किया है। एनजीओ के डायरेक्टर ने सैकड़ों बेरोजगार युवक-युवतियों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए भेज दिया। उन्हें कहा गया कि हर महीने की सैलरी एनजीओ देगा। बदले में सिक्योरिटी डिपॉजिट के लिए अलग-अलग जिलों के करीब 300 लोगों से 2 से 5 लाख तक वसूल कर लिए गए। कुछ महीने बीतने के बाद आरोपी डायरेक्टर करोड़ों रुपए लेकर भाग गया। 2 दर्जन पीड़ितों ने रायपुर के सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज करवाई हैं। रीइंडिया स्किल वेलफेयर फाउंडेशन की वेबसाइट, पीड़ितों का कहना है कि इसी एनजीओ ने ठगी की। रीइंडिया स्किल वेलफेयर फाउंडेशन की वेबसाइट, पीड़ितों का कहना है कि इसी एनजीओ ने ठगी की। जानकारी के मुताबिक, री इंडिया स्किल वेलफेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर राजू रात्रे और अल्फिजा फातिमा हैं। जिन्होंने रायपुर के अंबेडकर चौक शहीद वीर नारायण सिंह परिसर में ऑफिस डाला है। आरोपियों ने सरकारी स्कूलों में शिक्षक के पद पर नौकरी लगवाने के लिए विज्ञापन छपवाया था। विज्ञापन देखकर ही लोग झांसे में आ गए। पीड़ित डायरेक्टर ने बताया कि उनका एनजीओ स्कूलों में निशुल्क शिक्षा देने का काम करता है। इसके बदले टीचर को हर महीने 22 हजार वेतन दिया जाता है।

### सार बातें

#### सुप्रीम कोर्ट का तेलंगाना स्पीकर को निर्देश

## कांग्रेस में शामिल हुए बीआरएस विधायकों पर 90 दिन में लें फैसला

**नई दिल्ली,31 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत कांग्रेस में शामिल हुए 10 बीआरएस विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर तीन महीने के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया.

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि अयोग्यता याचिकाओं का सामना कर रहे विधायकों को कार्यवाही को लंबा खींचने की अनुमति न दी जाए. साथ ही ये कहाकि यदि वे ऐसा करते हैं, तो अध्यक्ष उनके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकते हैं. इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने विभिन्न राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों द्वारा वर्षों से अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में हो रही देरी की निंदा की.

पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने अध्यक्ष से केवल 4 सप्ताह की अवधि के भीतर सुनवाई का कार्यक्रम तय करने को कहा था. पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा, एकल न्यायाधीश ने अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए कोई निर्देश जारी नहीं किया था... उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश में हस्तक्षेप करके गलती की है.पीठ ने कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत एक न्यायिक प्राधिकारी के रूप में कार्य करते हुए अध्यक्ष को संविधान के अनुच्छेद 122 या 212 के तहत संवैधानिक छूट प्राप्त नहीं है. मुख्य न्यायाधीश ने कहा, वर्तमान अपीलें स्वीकार की जाती हैं. उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा पारित 22 नवंबर, 2024 का विवादित निर्णय और अंतिम आदेश रद किया जाता है. हम अध्यक्ष को निर्देश देते हैं कि वे वर्तमान अपील से संबंधित 10 विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता की कार्यवाही को यथाशीघ्र, और किसी भी स्थिति में इस फैसले की तारीख से 3 महीने की अवधि के भीतर समाप्त करें. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अध्यक्ष अयोग्य ठहराए जाने की मांग करने वाले किसी भी विधायक को कार्यवाही को लंबा खींचने की अनुमति नहीं देंगे और यदि कोई विधायक कार्यवाही को लंबा खींचने का प्रयास करता है, तो अध्यक्ष ऐसे विधायकों के विरुद्ध प्रतिकूल निष्कर्ष निकालेंगे.शीर्ष न्यायालय ने यह भी कहा कि संसद को दलबदल विरोधी कानून के तहत विधायकों की अयोग्यता की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि विधानसभा अध्यक्ष नियमित रूप से ऐसी कार्यवाही में अत्यधिक देरी करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दलबदलुओं के खिलाफ कार्रवाई विफल हो जाती है. पीठ ने जोर देकर कहा कि इससे लोकतंत्र को खतरा है. इस मामले में विस्तृत निर्णय आज दिन में बाद में अपलोड किया जाएगा. शीर्ष न्यायालय का यह निर्णय उन याचिकाओं पर आया, जिनमें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस में शामिल हुए बीआरएस के 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर निर्णय लेने में कथित देरी का मुद्दा उठाया गया था.

## यौन शोषण के आरोपों पर विजय सेतुपति ने तोड़ी चुप्पी

**चेन्नई,31 जुलाई ।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता विजय सेतुपति अक्सर किसी न किसी कारण चर्चा में रहते हैं।

पिछले कुछ दिनों से वह यौन शोषण के आरोपों के चलते सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में एक महिला ने सोशल मीडिया पर विजय पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। अब विजय ने पहली बार इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि ऐसे इल्जामों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। विजय ने अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया है। अभिनेता ने बताया कि उनकी टीम ने साइबर क्राइम अधिकारियों से इस मामले में शिकायत की है। विजय ने कहा, जो कोई भी मुझे थोड़ा-बहुत भी जानता है, उसे यह हास्यास्पद लगेगा। मैं जानता हूं कि मैं कौन हूं। ऐसे घिनौने आरोप मुझे परेशान नहीं करते, लेकिन मेरे परिवार और करीबी दोस्त परेशान हैं। मैं उनसे कहता हूं कि चिंता करने की जरूरत नहीं।

## एक नजर

### मारपीट करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया



**भिलाई, 31 जुलाई।** भिलाई जन्म दिन की पार्टी में दो गुटों में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सौरभ वर्मा ने शिकायत किया था कि 18 मई को अपने दोस्त आयुष, सिद्धार्थ, रोहित के साथ जन्म दिन की पार्टी करने होटल अमित पार्क में पहुंचे थे जहाँ अज्ञात 3-4 युवकों के साथ बिना कारण गाली गलौज देकर जान से मारने की धमकी देने लगे सौरभ वर्मा ने इसका विरोध करने पर आरोपी एक साथ मिलकर आयुष पर हमला कर दिया आरोपियों ने आयुष को लकड़ी के डंडा से मारपीट किया है मारपीट में आयुष के सिर, चेहरे माथे पर चोट आई है आयुष की कार सीजी 04 क्यूसी 0024 को भी आरोपियों ने नुकसान पहुंचाया आरोपी प्रखर चन्द्राकर को पकड़ कर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया प्रखर के सात प्रियम शरण, पुल्कीत चंद्राकर, करण सिंह शामिल था मुखाबर पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रखर चंद्राकर का मोबाइल चेक करने पर म्युल बैंक खाता किराए में लेकर ऑनलाइन गेम के अवैध लेन देन में पुल्कित चंद्राकर शामिल होने की जानकारी सामने आई मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी प्रियम शरण को पकड़ा गया फरार आरोपी पुलकीत चंद्राकर, करण सिंह ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया आरोपी पुलकीत चंद्राकर को पुलिस रिमांड पर लाया गया पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### जेब से 10 हजार दो सौ रुपए चोरी करने वाले आटो ड्राइवर और साथी गिरफ्तार



**भिलाई, 31 जुलाई।** भिलाई सुपेला पुलिस ने सवारी के जेब से 10 हजार दो सौ रुपए चोरी करने वाले ऑटो ड्राइवर और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ऑटो जब्त कर लिया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि संतोष तिवारी (46 साल ) निवासी केम्प-2 छावनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 जून को प्रार्थी अपने लड़के के साथ सुपेला से केम्प-2 छावनी अपने घर जाने के लिए आटो रिक्शा सीजी 07 बीबी 9081 में बै ठकर घर जा रहे थे चंद्रा मौर्या टॉकिज के पास ऑटो का ड्राइवर बुकिंग में जाना है कहकर उतार दिया ऑटो रिक्शा वाला बिना किराया लिये प्रार्थी के जेब में रखे 10 हजार दो सौ रुपए चोरी कर भाग गया रिपोर्ट पर मामले में धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान संदेही मोहम्मद अल्ताफ और इमरान से पूछताछ करने पर 10,200 रुपए को चोरी करना स्वीकार किया पुलिस आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ऑटो जब्त कर गिरफ्तार किया है।

### धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 31 जुलाई।** भिलाई घरेलू महिलाओं को विभिन्न फायनेस बैंक से लोन निकलवा कर स्वयं किश्त पटाने का झांसा देकर 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी मामले में एक और आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी व बेटी-दामाद मिलकर धोखाधड़ी करते थे सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि 25 जुलाई को पूर्णिमा चौहान ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि नेमा गोस्वामी, ईश्वरी गोस्वामी, योगिता गोस्वामी एवं भरत गोस्वामी मिलकर महिलाओं से विभिन्न फायनेंस बैंक से लोन निकलवा कर तबीयत खराब होने का बहाने बनाकर, बहला फुसलाकर, किस्त स्वयं पटाएंगे कहकर, पारिवारिक खर्च का हवाला देकर, महिलाओं से धोखाधड़ी की। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी ईश्वरी गोस्वामी को रायपुर मंगल बाजार से लेकर थाना लाकर पूछताछ की आरोपी एवं पत्नी नेमा गोस्वामी, बेटी योगिता गोस्वामी एवं दामाद भरत गोस्वामी ने मिलकर दो माह पूर्व रेश्ने आवास की महिलाओं को स्माल बैंक फायनेंस के माध्यम से लोन दिलवाये थे लोन लेने वाली कम पढ़ी लिखी घरेलू महिलाओं से करीब 15 लाख रुपए की ठगी की है।

# विजय बघेल ने लोकसभा में उठाया आदिवासी बेटियों की सुरक्षा का मुद्दा



**भिलाई, 31 जुलाई।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने लोकसभा के मानसून सत्र में छत्तीसगढ़ की दो आदिवासी बेटियों से जुड़ी एक संवेदनशील घटना को शून्यकाल के दौरान संसद में मजबूती से उठाया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दो भोली-भाली आदिवासी लड़कियों को बहला-फुसलाकर लाया गया।

सांसद बघेल ने बताया कि इन लड़कियों को आगरा ले जाने के लिए टिकट भी कराया गया था। जब वहां मौजूद कुछ सतर्क नागरिकों ने हस्तक्षेप किया, तो एक लड़की रो रही थी और डरी-सहमी सी दिख रही थी। पूछताछ पर उसने बताया कि उसे जबरदस्ती लाया गया है और वह अपने घर जाना चाहती हैं। तुरंत उसके परिवार और जीजा से संपर्क किया गया और जीआरपी पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ता व स्थानीय जिम्मेदार नागरिक भी पहुँचे। सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पर एकत्र हो गए। सांसद बघेल ने इस पूरी घटना में संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों नन जो लड़कियों को लेकर आई थीं, उनमें एक जबलपुर और दूसरी आगरा की रहने वाली हैं। ये दोनों पहली बार छत्तीसगढ़ आई थीं और कहीं और न रुकते हुए सीधे दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचीं, जो कई सवाल खड़े करता है।उन्होंने इस घटना को राजनीतिक रूप देने और छत्तीसगढ़ सरकार को बदनाम करने के लिए कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है। उन्होंने विशेष रूप से केरल के कांग्रेस सांसदों, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के ट्वीट्स को भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। सांसद बघेल ने संसद में सवाल उठाया, क्या हम छत्तीसगढ़ की आदिवासी बेटियों की सुरक्षा नहीं करेंगे? जब केरल की बेटी हमारे राज्य में आती है तो हम उसका सम्मान करते हैं, लेकिन हमारी बेटियों के साथ जब ऐसा होता है तो कुछ लोग राजनीति करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की



### सना माचू विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

**भिलाई, 31 जुलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी सुश्री सना माचू जो वर्तमान में सीसीटीसी के पद पर पदस्थ हैं, का चयन भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम में हुआ है । यह टीम 4 से 14 सितंबर तक लिवरपूल, इंग्लैंड में आयोजित होने वाली विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी । महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के पदाधिकारियों ने सना माचू को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।



# बेस्ट वार्ड, स्कूल एवं कॉलेज के चयन का कार्य जारी

**भिलाई, 31 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी हेतु स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ स्कूल एवं स्वच्छ कॉलेज की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले वार्ड, स्कूल एवं कॉलेज को रिवॉल्विंग अवार्ड दिया जाएगा । प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक 2 माह में किया जाएगा ।

जिसमें वार्डों, स्कूलों एवं कॉलेजों का मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंड अनुसार स्वतंत्र एन जी ओ के माध्यम से प्रारंभ कर दिया गया है । इस संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा समस्त स्कूलों के प्राचार्यों की मीटिंग ली गई । जिसमें सहायक जिला शिक्षा अधिकारी भी सम्मिलित हुईं।

# सफाई कार्य को नागरिकों से प्रमाणित करा रजिस्टर में हस्ताक्षर लेंगे सुपरवाइजर



रिसाली। नगर निगम रिसाली के सफाई सुपरवाइजर अब हर दिन कार्यों की जानकारी पार्षद को देंगे। इसके अलावा वार्ड के नागरिकों से किए गए सफाई कार्य को प्रमाणित कराते हुए रजिस्टर में हस्ताक्षर लेंगे। यह निर्णय महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ली गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने सफाई सुपरवाइजरों को निर्देश दी हैं कि वे प्रत्येक वार्ड के लिए तीन रजिस्टर बनायें। नाली सफाई प्रतिदिन कहां से कहां तक हुई इसे नागरिकों से प्रमाणित कराएं। इसी तरह से सड़क और बाजार की सफाई के बाद गैंग द्वारा किए कार्यों की पुष्टि कर क्षेत्रीय पार्षद को अवगत कराएं। आयुक्त ने यह भी कहा कि पार्षद की सफाई संबंधी शिकायत को वे रिमार्क कॉलम में नोट कर जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को अवगत कराकर निराकरण करें। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, रंजीता बेनुआ, ममता यादव, जमुना ठाकुर, पार्षद चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, विनय नेताम, धर्मेन्द्र भगत, अनुप डे, शीला नारखेड़े, सोनिया देवांगन, रमा साहू, हरीशचन्द्र नायक, खिलेन्द्र चन्द्राकर, पार्वती, सारिका साहू आदि उपस्थि थे। पार्षदों की शिकायत थी कि दोपहर 12 बजे के बाद सफाई कर्मचारी नजर नहीं आते है। उनका ड्यूटी 2 बजे तक है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसका निराकरण करते हुए कार्य योजना तैयार करने कहा कि अब 3 से 4 वार्ड का क्लस्टर बनेगा। बल्क में कर्मचारी एकत्र होकर प्रतिदिन किसी एक जगह सफाई करेंगे। इसके लिए पार्षद को रोस्टर उपलब्ध कराने भी कहा गया। आयुक्त ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। शीघ्र ही नागरिकों के लिए टेलीफोन नंबर उपलब्ध कराया जाएगा। नागरिक अब सीधे कंट्रोल रूम में शिकायत कर सकेंगे। शाम तक आए शिकायतों का निराकरण के लिए प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार कर सुपरवाइजर को दिया जायेगा ।

# चार अगस्त को निकलेगी बाबा महाकाल जी की भव्य पालकी यात्रा

**कवर्धा, 31 जुलाई।** परमाराध्य ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रि अविमुक्तेश्वरानंद: सरस्वती जी महाराज 1008 जी के आशीर्वाद से धर्म नगरी कवर्धा में विगत 03 वर्षो के अनुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार 04 अगस्त को उज्जैन के तर्ज पर हर हर शंकर जय जय शंकर सेवा समिति के द्वारा बाबा महाकाल जी की पालकी शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी जिसका समापन अंबेडकर चौक में भस्म आरती एवं शाही आरती प्रसाद वितरण कर किया जाएगा इस हेतु प्रथम निमंत्रण के रूप में बूढ़ा महादेव जानकी रमण प्रभु देवालय विंध्यवासिनी मंदिर माँ महामाया मंदिर एवं खेड़ापति हनुमान जी मंदिर राज राजेश्वरी काली माता मंदिर के साथ अन्य मन्दिरो में नियंत्रण दिया गया यह आयोजन पूरा कवर्धा जिला वासियों के लिये सामूहिक आयोजन है,मुख्य आयोजक उमंग पांडेय ने बताया आयोजन के तैयारी का शुभारंभ करते हुए प्रथम निमंत्रण मंदिर देवालय के पश्चात अब समस्त सनातनियो तक हमारी टीम पहुँचेगी एवम ऐतिहासिक पालकी यात्रा का साक्षी बनने हेतु उन्हें आमंत्रित किया जाएगा। आगे बताते हुए मुख्य आयोजक सौरभ शर्मा ने कहा की श्री शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री चंद्रप्रकाश उपाध्याय जी एवम छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा जी रायपुर सांसद सम्मानीय बृजमोहन अग्रवाल जी एवम राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडेय जी द्वारा भस्म आरती एवम महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा मुख्य पुजारी के रूप में विश्वप्रकाश उपाध्याय एवम दुर्गेश पाण्डेय जी का सहयोग रहता है.....साथ ही अन्य मंदिर समिति, समाज प्रमुख,आयोजनकर्ताओ का समूह, महिला समूह, सभी जाति वर्ग के लोग इस आयोजन मे सम्मिलित होते है,इस भव्य आयोजन में सैकड़ो युवाओं के द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही है, आयोजन मे पालकी यात्रा, धुमाल, भव्य झांकी, भजन कीर्तन रथ निकलेगी जिसमे पाटेश्वर धाम से बालकदास जी महराज रहेंगे, आयोजको में उमंग पाण्डेय सौरभ शर्मा पुरुषोत्तम झारिया गजेंद्र झारिया गजेन्द्र पाठक शिवशंकर भलावी उदय मानिकपुरी शिवेन्द्र निषाद रितिक झारिया रवि झारिया रोमी तुषार समीर झारिया दिलेश्वर ठाकुर दीपक निषाद उदित शर्मा विवेक दुबे सोनू मानिकपुरी शुभम तिवारी सूर्यकांत महोबिया दीपेश कुंभकार गोपाल ठाकुर संदीप गुप्ता आयुष वर्मा आर्यन ठाकुर संजय मिश्रा कुश साहू युवराज चंदेल विद्या गंधर्व टुकटुक धावलकर आशी गुप्ता सिमरन ठाकुर विंध्या ठाकुर पायल पन्द्राम स्नेहा धावलकर निशा गंधर्व पायल राजपूत निशा गुप्ता पूर्णिमा सिन्हा संजना झारिया शानू यादव माही अग्रवाल दीप्ती निर्मलकर वंशिका यादव कावेरी भारद्वाज नीलिमा पाण्डेय रामेश्वरी भारद्वाज जागृति गंगवार महिलाओं में ज्योति केशरवानी अनूपा गुप्ता लक्ष्मी वानखेड़े संगीता ठाकुर ललिता साहू अनिता धुर्वे रेखा यादव चंदा यादव मीरा यादव नीलेश यादव सभी सदस्य गण है।

### प्राणघातक हमला,करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 31 जुलाई।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के जान से मारने की नीयत से युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले छठवें आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने पूर्व में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि कैम्प-1 निवासी शुभदीप सिंह उर्फ बछड़ा को पुरानी रंजिश के चलते उसे बीएसपी स्कूल के पीछे बुलकर बेस बॉल, डंडा व रॉड से हमला करने वाले फरार छठवे आरोपी सतीश भारती (23 साल ) निवासी केम्प-1 छावनी को गिरफ्तार कर लिया है ने बताया कि पूर्व में पुलिस ने हेमंत ठाकुर, राकेश, केश कुमार साहू, मंयक कोसले व प्रदीप कश्यप को गिरफ्तार कर चुकी है ।

# ग्राम मुरमुंदा में आयोजित हुआ विशेष शिविर

**दुर्ग, 31 जुलाई ।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत धमधा विकासखण्ड के ग्राम मुरमुंदा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर के माध्यम से पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही नए आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान आज कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 40 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष 76 आवेदन लंबित हैं। इससे पूर्व 20 मई 2025 को आयोजित सुशासन तिहार में कुल 2630 आवेदन प्राप्त हुए थे, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थे। इनमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सर्वाधिक 1964 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को 140, ऊर्जा विभाग को 83, महिला एवं बाल विकास विभाग को 123, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 136, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 45, परिवहन विभाग को 27, श्रम विभाग को 35, स्कूल शिक्षा विभाग को 23, कृषि विभाग को 7, जल संसाधन विभाग को 8 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी देते हुए उनके शत-प्रतिशत निराकरण के बारे में बताया।

# गिफ्ट मिल्क योजना से बच्चों के पोषण स्तर में हो रहा सुधार



**भिलाई, 31 जुलाई।** क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में सार्वजनिक उपक्रमों एवं औद्योगिक संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये संस्थान न केवल अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं बल्कि विभिन्न पहलों और कार्यक्रमों के माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र के निकटवर्ती समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने का भी प्रयास करते हैं। इन्ही विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत रावघाट खदान के समीपस्थ गाँवों में चलायी जा रही गिफ्ट मिल्क योजना बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने में अहम योगदान देने के साथ-साथ स्वस्थ समाज के निर्माण और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में कारगर प्रयास सिद्ध हो रहे हैं। एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन के साथ समझौता कर रावघाट क्षेत्र के कुल 82 शासकीय विद्यालयों के लगभग 4000 विद्यार्थियों को प्रतिदिन 200 मिली फोर्टिफाइड दूध का वितरण किया जाता है। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्र के स्कूलों के लगभग 25,000 बच्चों को अक्षय पात्र फाउंडेशन के माध्यम से मध्यान्ह भोजन का वितरण भी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि खदान क्षेत्र के बफर जोन गांवों में विटामिन ए और डी से भरपूर 200 मिलीलीटर फोर्टीफाईड फ्लेवर्ड दूध की आपूर्ति और वितरण के लिए सेल-बीएसपी और एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन के बीच मार्च 2023 में एक एमओयू साइन किया गया था, जिसका शुभारंभ सेल के तात्कालिक अध्यक्ष ने 18 अप्रैल 2003 को किया था। इस योजना को स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और कर्मचारियों से भी काफी सराहना मिली है। इस समझौता ज्ञापन के तहत छत्तीसगढ़ के कांकेर, नारायणपुर, मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी, बालोद जिलों के सरकारी स्कूलों या अन्य स्कूलों के लगभग 4000 स्कूली बच्चे गिफ्ट मिल्क योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। परियोजना में रावघाट, महामाया और दुलकी माइंस बफर जोन के गावों को भी शामिल किया गया हैं।

# बाल श्रम के विरुद्ध जिले में श्रम विभाग की पहल

**महासमुंद, 31 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम के उन्मूलन हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से आमजन को बाल श्रम निषेध संबंधी कानूनों की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन को पूर्णतः रोकना और 14 से 18 वर्ष की उम्र के किशोरों को खतरनाक क्षेत्र में कार्यों से दूर रखना है।

श्रम पदाधिकारी श्री डी. एन पात्र ने बताया कि बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं 14 से 18 वर्ष के किशोरों का 107 अधिसूचित कार्यों एवं स्थलों में नियोजन गैरकानूनी है। इनमें मुख्य रूप से कारखाना, होटल, ढाबा एवं रेस्टोरेंट, घरेलू कार्य, ईंट भट्ठा, खपरेल निर्माण, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप, गैरेज, भवन एवं अन्य निर्माण कार्य, विस्फोटक पदार्थ, पटाखा निर्माण/बिक्री, बीड़ी-तंबाकू उद्योग, अगरबत्ती निर्माण, कृषि कार्य जिसमें मशीनों का उपयोग हो, खाद्य सामग्री निर्माण, पत्थर खदान, कोयला खदान (भूमिगत/जलमग्न) आदि कार्य शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए बालक अथवा किशोर को कार्यरत पाता है, तो उसे न्यूनतम 06 माह से 02 वर्ष तक के कारावास या 20 हजार से 50 हजार रुपए तक का जुर्माना या दोनों सजाएं दी जा सकती हैं। साथ ही अधिनियम के तहत प्रत्येक संस्थान में बाल श्रम निषेध सूचना को प्रदर्शित करना अनिवार्य है। श्रम विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी स्थान पर बाल श्रमिक कार्यरत दिखाई दें।

# एसएसपी विजय अग्रवाल ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया



**दुर्ग, 31 जुलाई।** दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे तो स्टेशन में कई खामियां गिनाई। स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक करने पर स्टेशन के अंदर 36 कैमरे स्थापित हैं, जबकि कुल 48 कैमरों का प्रस्ताव था एसएसपी ने शेष कैमरों की स्थापना शीघ्र पूर्ण करने को कहा उन्होंने कहा कि पुराने एवं अव्यवस्थित कैमरों के स्थान पर बुलेट कैमरे लगाए जाएं और लिफ्ट, सीढ़ी व एस्केलेटर जैसे स्थानों पर कैमरों की उचित ऊँचाई व स्टैंड पर सटीक स्थापना की जाए एसएसपी अग्रवाल के निरीक्षण के दौरान स्टेशन की सुरक्षा तकनीकी निगरानी और साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर कई आवश्यक निर्देश जारी किए गए एसएसपी ने कहा कि रेलवे स्टेशन जैसी संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के सभी आयामों पर सघन कार्य होना आवश्यक है। तकनीक का उपयोग समय-समय पर साइबर अपराधों पर जागरुकता कार्यक्रम करें एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नशा मुक्ति केंद्र भेजने और जिला पुलिस द्वारा तैयार साइबर जागरूकता जिंगल्स को स्टेशन पर प्रसारित करने के निर्देश भी शामिल थे एसएसपी ने गजैग बेरिकेड्स की सराहना करते हुए कहा कि इस व्यवस्था को जिले में भी अपनाया जाना चाहिए। साथ ही दुर्ग आरपीएफ टीआई संजीव कुमार सिन्हा और दुर्ग जीआरपी चौकी के लिए समय-समय पर साइबर अपराधों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की भी आवश्यकता बताई, जिससे साइबर हमलों व अपराधों से बचाव किया जा सके।

# आयुक्त ने व्यवस्था सुधार के लिए दिए निर्देश



**भिलाई, 31 जुलाई।** नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक बुलाई गई। जिसमें प्रमुख रूप से खुर्सीपार स्टेडियम, रामनगर मुक्तिधाम, अवैध प्लाटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, शहर विकास, योजना, गोकुल नगर, सी-मार्ट एवं मदर्स मार्केट, सूर्य घर योजना सहित विभिन्न विषयों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य को वर्षा ऋतु में ही पूरा कराने के साथ ही जियो टैगिंग फोटोग्राफ्स संलग्न करने हेतु निर्देशित किया गया है। स्थानीय पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से चर्चा कर वर्षवार प्राथमिकता आधारित शहर विकास योजना (सी.डी.पी.) तैयार किया जा रहा है। आगामी विकास कार्य हेतु शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव सिटी डेवलपमेंट प्लान में शामिल कार्य होंगे। निकाय क्षेत्रांतर्गत अनुपयोगी विद्युत कनेक्शन जांच कर तत्काल विच्छेद किये जाने का कार्यवाही करना है। निगम क्षेत्र के अवैध प्लाटों का क्रय-विक्रय न हो इसके लिए जन जागरूकता लाने वेबसाइट में अपलोड करना है, जिससे शहर वासियों को वैध कालोनियों की जानकारी प्राप्त हो सके। शासन की गाइडलाइन अनुसार वर्तमान में 5 डिसमिल से कम जमीन बिक्री करने पर शासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। जिसका ध्यान रखते हुए आगामी कार्यवाही की जावेगी। गौ सेवा अंतर्गत हरे एवं सुखे चारे का दान के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से अपील किया गया है, जिससे कोसा नगर गौठान में पशुओं के खान-पान व्यवस्था में और सुधार लाया जा सके। निगम द्वारा जिन वाहनों को किराए पर दिया जाता है, उसकी दर कम है, उसका किराया वर्तमान दर के अनुरूप निर्धारण किया जाए, जिससे व्यवस्था में सुधार हो और राजस्व वृद्धि हो सके। साथ ही सभी वाहनों में जी.पी.एस. सिस्टम लगाने की आवश्यकता के बारे में निर्देशित किया गया। गोकुल नगर के पशुपालकों को जो जमीन आबंटन हुआ है और बिक्री कर दिए हैं ऐसे आबंटितो का आबंटन निस्तरीकरण की कार्यवाही की जाए। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ ज्यादा लोगों को मिले इसके लिए जनजागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार कर लाभार्थियों की संख्या बढ़ाना है। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का सहयोग लेना है। संदिग्ध राशन कार्ड का सत्यापन कर कार्यवाही किया जाना है। कलेक्टर टी.एल., जनदर्शन, जन शिकायत, पीएमओ, आयुक्त टी.एल. का समय सीमा में निराकरण करना होगा। 18 अगस्त को मुख्यमंत्री का आगमन भिलाई में होगा, जिसमें विभिन्न भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्य होना प्रस्तावित है। उसके लिए सभी तैयारी पूर्ण करने पर भी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता भागीरथ वर्मा, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, अजीत कुमार तिग्गा, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, लेखाधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी--कर्मचारी-गण उपस्थित रहे।

संपादकीय

## मौसमी बीमारियों से शिक्षा प्रभावित

वैश्विक रिपोर्ट का अनुमान है कि अत्यधिक गर्मी के कारण बच्चों की स्कूली शिक्षा में डेढ़ साल तक की कमी आ सकती है। हाल के दशकों में हुई शिक्षा उपलब्धियों पर जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव पडऩे का खतरा है। गर्मी, जंगलों की आग, तूफान, बाढ, सूखा, बीमारियां और समुद्र का बढता स्तर शिक्षा परिणामों को प्रभावित करता है। यूनिस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम, जलवायु संचार व शिक्षा निगरानी एवं मूल्यांकन परियोजना और कनाडाई विविद्यालय द्वारा संकलित रिपोर्ट के अनुसार बीते बीस वर्षो में चरम मौसम की घटनाओं के कारण कम से कम 75त्न समय स्कूल बंद रहे, जिससे पचास लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। बता रहे हैं, औसत से दो डिग्री अधिक तापमान का सामना करने वाले बच्चे औसत तापमान वाले बच्चों की तुलना में डेढ़ वर्ष कम शिक्षा प्राप्त कर पाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 में चरम मौसम की घटनाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित दस देशों में से आठ या तो निम्न या निम्नमध्य आय वाले हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 2024 में दुनिया भर में कम से कम 24.2 करोड़ छात्रों की शिक्षा चरम मौसम के कारण बाधित हुई। पूर्व में भी विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि छात्रों पर उस तापमान का गहरा असर होता है, जिसके वे अभ्यस्त नहीं होते। तापमान में आने वाले जबरदस्त परिवर्तन सिर्फ पढाई के समय को ही नहीं प्रभावित करते बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असरकारक होते हैं। जलभराव, सड़कों की दुर्दशा व परिवहन संबंधी दिक्कतों के चलते कितने छात्र स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं, इस पर कोई प्रमाणिक अध्ययन नहीं किया जाता। स्कूली शिक्षा व स्वशिक्षा की गुणवत्ता में भारी अंतर होता है। बावजूद इसके मौसमी मार से शिक्षा को बचाने के लिए ऐसे तरीके प्रयोग में लाने की आवश्यकता बढ़ती जा रही है, जिनकी मदद से स्वअध्ययन व इंटरनेट द्वारा पढ़ाई संभव हो सके। भारत में स्थिति और भी इसलिए बिगड़ जाती है क्योंकि यहां ढेरों स्कूलों के पास ढंग का भवन तक नहीं है। बिजली कनेक्शन या पंखों की हालात किसी से छिपी नहीं है।बेशक मौसम के चरम का असर शारीरिक होने के अतिरिक्त मानसिक भी कम नहीं होता। भीषण गरमी में पढ़ाई संभव नहीं होती।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप बिजनेस में यदि कोई पार्टनरशिप करें, तो उसे पूरी लिखापढ़ी करके ही करें, नहीं तो आपके साथ धोखा हो सकता है, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें अपनी मेहनत में तेजी लानी होगी। आपके रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी और आप कहीं डिनर डेट पर जाने की योजना बना सकते हैं। आप कुछ समय छोटे बच्चों के साथ व्यतीत करेंगे, जिससे आपको टेंशनों से छुटकारा मिलेगा और आप बेहतरीन अनुभव करेंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। संतान आपकी किसी बात का बुरा मान सकती है। आपको अपने स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान देना होगा। किसी जल्दबाजी के कारण आपको निराशा हाथ लगेगी। आपको अपनी वाणी पर थोड़ा कंट्रोल करके चलने की आवश्यकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर डालने की कोशिश करेंगे। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। धन से संबंधित मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी दूर होगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप आज इधर-उधर के कामों में ना लगें। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड होने से बचना होगा। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका खर्चा हो सकता है।

कर्क आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप किसी इन्वेस्टमेंट को बिना सोचे समझे ना करें। आप किसी विरोधी की बातों में ना आए। आज आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है, जिसमें खर्चा अच्छा खासा होगा, लेकिन रियल एस्टेट अथवा शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लग सकती है। आपकी जीवनसाथी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

सिंह आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए दिन बढ़िया रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में कामों से अपने बॉस का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। बिजनेस में आपको अपने पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी, जो लोग कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, उन्हें भी थोड़ा ध्यान देना होगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात हो सकती है।

कन्या आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा, क्योंकि लापरवाही के कारण आपकी समस्या बढ़ेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई में समस्याओं को नजरअंदाज ना करें। यदि आप किसी बहकावे में आकर कोई इन्वेस्टमेंट किया, तो बाद में वह आपके लिए समस्या बन सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा ध्यान देना होगा।

तुला आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके कुछ नए विरोधी खड़े हो सकते हैं। आपको पारिवारिक रिश्तों में सुधार लाने की पूरी कोशिश करनी होगी। आपके ऊपर काम की जिम्मेदारियों का बोझ अधिक रहेगा। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। वैवाहिक जीवन में आपको एकजुटता बनाकर चलनी होगी। आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी और आपको सामाजिक कामों में कोई पुरस्कार भी मिल सकता है।

वृश्चिकआज का दिन आपके लिए आय के सोर्सो में वृद्धि लेकर आएगा। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। आर्थिक मामले को लेकर आप जल्दबाजी न दिखाएं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

धनु आज का दिन आपके लिए ध्यान देकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपकी कोई प्रॉपर्टी से संबंधित डील लटक सकती है। कार्यक्षेत्र में यदि आपको काम को लेकर कोई सलाह दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप अपनी बुद्धि व विवेक से कोई निर्णय लें। आपका कोई कानूनी मामला यदि आपको समस्या दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको दिखावे के चक्कर में पड़ने से बचना होगा। धन को लेकर यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी आसानी से दूर हो जाएगी।

मकर आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अक्समात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप संतान की फरमाइश पर उन्हें कहीं घूमाने-फिराने भी लेकर जा सकते हैं। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि अनबन चल रही थी तो वह दूर होगी। आपकी कोई पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद खड़ा हो सकता है। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको काम को लेकर कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आज आप अपने मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे। एक साथ आपको कोई काम हाथ लगेंगे। आप जल्दबाजी में किसी काम को लेकर उतावलापन ना दिखाएं। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपके जन समर्थन में इजाफा होगा। आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। आप अपने कामों को धैर्य और साहस से निपटाने की कोशिश करें।

मीन आज का दिन आपके लिए अपने रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे और उन्हें कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपका धन को लेकर कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। किसी यात्रा पर आपको थोड़ा सावधान रहकर जाना होगा।

चर्चित मुद्दा

# स्क्रीन का शिकंजा: ऑस्ट्रेलिया से सबक लेता भारत?

डॉ. प्रियंका सौरभ

**ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए यूट्यूब समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगाने का साहसिक फैसला लिया है। यह कदम बच्चों को ऑनलाइन दुनिया के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए उठाया गया है। भारत जैसे देशों में, जहां डिजिटल लत तेजी से फैल रही है, वहां इस तरह की नीति बेहद जरूरी हो गई है। यह समय है कि भारत भी बच्चों के डिजिटल अधिकारों की रक्षा के लिए स्पष्ट कानून बनाए, अभिभावकों को जागरूक करे और बच्चों को स्क्रीन की लत से मुक्त करके संतुलित विकास की दिशा में कदम बढ़ाए।ऑस्ट्रेलिया के फैसले से दुनिया के देशों को सबक लेना चाहिए कि बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने का समय अब आ गया है।**

"बचपन अब किताबों से नहीं, स्क्रीन की चमक से आकार ले रहा है।" यह वाक्य अब सिर्फ साहित्यिक प्रतीक नहीं रहा, बल्कि हमारे समाज की वास्तविकता बन चुका है। मोबाइल, टैबलेट और इंटरनेट की पहुँच बच्चों तक इतनी सहज हो चुकी है कि चार साल का बच्चा भी यूट्यूब पर कार्टून देख सकता है और दस साल का बच्चा इंस्टाग्राम पर रील्स बनाना जानता है। ऐसी स्थिति में ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा लिया गया फैसला न सिर्फ साहसिक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। ऑस्ट्रेलिया ने यह तय कर दिया है कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे। यह नीति 10 दिसंबर से लागू हो रही है, और इसका उल्लंघन करने पर संबंधित प्लेटफार्मों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की संसद पहले ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफार्मों को 16 साल से कम आयु के बच्चों के लिए प्रतिबंधित कर चुकी है। अब यूट्यूब को भी इसी दायरे में शामिल किया गया है। यह दुनिया का पहला कानून है जो बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर इतनी स्पष्टता और कठोरता के साथ लागू किया जा रहा है। नियमों के मुताबिक अगर कोई प्लेटफार्म 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सेवाएं देना जारी रखता है, तो उस पर 5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यह कोई सामान्य चेतावनी नहीं है, बल्कि टेक कंपनियों को जवाबदेह बनाने की एक गंभीर कोशिश है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार का मानना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक विकास और व्यवहार पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने यह स्पष्ट कहा है कि माता-पिता को यह जानने का हक है कि उनके बच्चे क्या देख रहे हैं और किसके प्रभाव में हैं। यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर जो सामग्री बच्चों के सामने आती है, वह कई बार हिंसा, लैंगिक पूर्वाग्रह, अपशब्दों और अमर्यादित व्यवहार से भरी होती है। इतना ही नहीं, बच्चों को लगातार विज्ञापन, ब्रांडेड कंटेंट और चकाचौंध वाली ज़िंदगी दिखाकर उनकी असल दुनिया से दूरी बढ़ाई जा रही है।यूट्यूब का कहना है कि वह केवल एक वीडियो होस्टिंग प्लेटफार्म है और उसे सोशल मीडिया की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। यूट्यूब के प्रवक्ता का तर्क है कि 13 से 15 साल के लगभग तीन-चौथाई ऑस्ट्रेलियाई किशोर इसका उपयोग करते हैं और इसे शैक्षणिक, रचनात्मक व मनोरंजक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पर सवाल उठता है कि क्या यूट्यूब या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म बच्चों के लिए वाकई सुरक्षित हैं? क्या वे सुनिश्चित करते हैं कि बच्चों को केवल उपयुक्त और सकारात्मक सामग्री ही दिखाई जाए? वास्तविकता यह है कि अधिकतर टेक कंपनियाँ केवल व्यूज, क्लिक और विज्ञापन राजस्व के लिए काम करती हैं, न कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए।

भारत जैसे देशों में यह मुद्दा और अधिक गंभीर हो जाता है। यहां इंटरनेट यूज़र्स की संख्या करोड़ों में है, जिनमें बड़ी संख्या किशोरों और स्कूली बच्चों की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 13 से 17 वर्ष के बच्चे हर दिन औसतन तीन घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं। इतनी कम उम्र में जब बच्चों को किताबों, खेल और सामाजिक मेल-जोल में समय बिताना चाहिए, वे अपने कमरे में अकेले बैठकर स्क्रीन से चिपके रहते हैं। इससे न सिर्फ उनकी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक विकास भी बाधित होता है। स्कूलों में शिक्षकों को अब इस बात की चिंता होती है कि विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, क्योंकि रात भर मोबाइल पर लगे रहते हैं। माता-पिता इस कशमकश में रहते हैं कि बच्चों को मोबाइल दें या न दें, क्योंकि अगर वे न दें तो बच्चा पिछड़ने का डर जताता है, और दें तो स्क्रीन की लत लग जाती है। डिजिटल लत अब नशे की तरह फैल चुकी है। बच्चों में चिड़चिड़ापन, नींद की कमी, एकाग्रता में गिरावट और रिश्तों से दूरी जैसी समस्याएँ अब आम हो चुकी हैं। कुछ बच्चे तो सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग और साइबर बुलिंग का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। भारत में अभी तक इस मुद्दे पर कोई ठोस नीति नहीं बन पाई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 13 साल की आयु सीमा तो तय है, लेकिन उसका पालन कोई नहीं करता। बच्चे गलत उम्र डालकर खाते बना लेते हैं और बिना किसी निगरानी के उनका इस्तेमाल करते हैं। माता-पिता की भूमिका भी संदिग्ध है – कुछ अभिभावक खुद ही बच्चों को स्क्रीन थमाकर व्यस्त कर लेते हैं, जबकि उन्हें मार्गदर्शक बनना चाहिए। इसके अलावा, भारत में स्कूल स्तर पर भी डिजिटल नैतिकता की शिक्षा का अभाव है। बच्चों को यह नहीं सिखाया जाता कि तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग कैसे करें, फर्जी समाचारों से कैसे बचें, या साइबर खतरों से कैसे सतर्क रहें।

समस्या सिर्फ टेक्नोलॉजी की नहीं है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक जागरूकता की भी है। जब तक माता-पिता, शिक्षक और सरकारें मिलकर यह तय नहीं करेंगी कि बच्चों को किस तरह की डिजिटल दुनिया में प्रवेश करना है, तब तक कोई भी तकनीकी समाधान प्रभावी नहीं हो सकता। डिजिटल अनुशासन केवल कानून से नहीं, संस्कार और समझ से आता है। ऑस्ट्रेलिया का यह कदम इस मायने में प्रेरक है कि उसने बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को प्राथमिकता दी और टेक कंपनियों को चुनौती दी। भारत को भी अब इंतज़ार नहीं करना चाहिए। यह समय है जब सरकार एक स्पष्ट और सख्त नीति बनाए कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया और मनोरंजक प्लेटफार्म से दूर रखा जाएगा। साथ ही, कंटेंट फिल्टरिंग, स्क्रीन टाइम लिमिट, और आयु सत्यापन जैसी तकनीकों को अनिवार्य किया जाए। इसके साथ ही अभिभावकों के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएँ, ताकि वे यह समझ सकें कि बच्चों के जीवन में स्क्रीन की भूमिका क्या होनी चाहिए। स्कूलों में डिजिटल नागरिकता की शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। मीडिया और फिल्म जगत को भी यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि वे बच्चों के लिए सकारात्मक, मूल्य-आधारित और प्रेरक सामग्री का निर्माण करें। याद रखना चाहिए कि आज के बच्चे कल का समाज तय करेंगे। अगर वे अभी से वर्चुअल दुनिया के भ्रम में खो जाएँगे, तो उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने की ताकत नहीं मिल पाएगी। एक ऐसा समाज तैयार होगा जो स्क्रीन पर जीता होगा, लेकिन जीवन की सच्चाईयों से दूर होगा। बचपन केवल उम्र का एक पड़ाव नहीं होता, वह मानव जीवन की नींव होता है। अगर उस नींव में सोशल मीडिया की दरारें भर जाएँगी, तो ऊपर खड़ी होने वाली इमारत कभी मजबूत नहीं बन सकेगी।

ऑस्ट्रेलिया ने यह संदेश दुनिया को दिया है कि बच्चों को संरक्षित करना केवल पारिवारिक जिम्मेदारी नहीं, राष्ट्र की नीति होनी चाहिए। भारत को चाहिए कि वह इस चेतावनी को गंभीरता से ले और भविष्य की पीढ़ियों को सिर्फ डिजिटल दक्ष नहीं, बल्कि संतुलित, संवेदनशील और सुरक्षित नागरिक बनाए। अब समय आ गया है कि हम अपने बच्चों को स्क्रीन से थोड़ी दूरी देकर, उनके जीवन में फिर से किताबों, खेलों और संबंधों को जगह दें। वरना, वह दिन दूर नहीं जब बच्चे हमारे साथ नहीं, बल्कि सिर्फ स्क्रीन के साथ बड़े होंगे।

# अमेरिकी टैरिफ दबाव को भारत के किसानों का जवाब

डॉ राजाराम त्रिपाठी



भारतीय कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की विशेषज्ञ तथा 'अखिल भारतीय किसान महासंघ' (आईफा) के राष्ट्रीय-संयोजक हैं, तथा इन दोनों रूस यात्रा पर हैं। अमेरिका का "मित्रता" का वह स्वर, जो हमेशा शिष्टाचार की बात करता था, अब वैश्विक पूंजी के गणित में विचित्र बेसुरा व असंवेदनशील हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 1 अगस्त 2025 से भारत पर अचानक 25% टैरिफ लगाने की घोषणा के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ने "मित्रता" को व्यापारिक तानाशाही के रूप में परिभाषित कर दिया। भारत, जहां 700 मिलियन से अधिक लोग सीधे सीधे जिस कृषि-आश्रित व्यवस्था से रोटी,रोजी रोजगार के लिए पूरी तरह आश्रित हैं, तथा 140 करोड़ लोगों की भोजन की थाली जिस पर पूरी तरह निर्भर है, इसके लिए यह झटका केवल आर्थिक नहीं, आत्म-सम्मान का प्रश्न भी है।

### असल मुद्दा : बाज़ार खोलो या अनैतिक टैरिफ झेलो?

बहाना ऊंचे टैरिफ, रूस से सैन्य संबंध या कुछ और हो, असल मुद्दा यही है। भारत के कृषि बाज़ार को अमेरिकी GM फसलों, जीएम उत्पादों और मीट मिल्क,सब्सिडी वाले डेयरी उत्पादों के लिए खोलना। क्या यही है "स्वतंत्र व्यापार"? क्या यह वही ग्लोबलाइजेशन है, जिसमें किसानों की सदियों पुरानी मेहनत को सस्ते विदेशी उत्पादों से कुचलना जायज़ है? हमारे उत्पादन की मिट्टी की सुगंध, हमारे सामूहिक प्रयास,, हमारी खेती की मूल संस्कृति की कीमत क्या अमेरिकी व्यापारी राष्ट्रपति समझेंगे?

### क्या अमेरिका को हमारे किसान हमारी 'अमूल क्रांति' याद है?

700 मिलियन खेती पर आश्रित लोग सिर्फ आंकड़ा नहीं, एक संघर्षशील विरासत हैं। भारतीय सहकारिता आंदोलन ने न केवल देश में दूध की नदियाँ बहायीं, बल्कि छोटे किसानों को आत्मनिर्भर बनाया। अमेरिकी डेयरी उद्योग के सब्सिडी-धंधों का एकाधिकार हमारे किसानों का पूर्ण संहार होगा।

### सरकार का स्पष्ट "ना" अब समय की पुकार

अब वक्त है, जब भारत सरकार को अमेरिकी दबावों का शिकार बनने के बजाय, आत्मनिर्भर स्वाभिमान के साथ "ना" कहना चाहिए। रूस के साथ हमारे समन्वय पर तथा लगाए जा रहे अन्य आरोप सिर्फ बहाना हैं। सरकार को खाद्य सुरक्षा, कृषि नीति और किसानों के अस्तित्व की रक्षा के लिए किसी दबाव या लालच के आगे झुकना उचित नहीं।

### वास्तविक आंकड़े और 25% टैरिफ का प्रभाव

* भारत का कुल विदेश व्यापारः ~$1.3 ट्रिलियन (करीब 108 लाख करोड़ रु.)
* भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापारः ~$150 अरब (करीब 12.5 लाख करोड़ रु.)
* भारत से अमेरिका को कृषि-आधारित निर्यातः ~$15 अरब (करीब 1.27 लाख करोड़ रु.)
* 25% टैरिफ का अनुमानित असरः $3.75 अरब (करीब 31 हजार करोड़ रु. की अतिरिक्त लागत)
* निर्यात में संभावित गिरावटः 20–30% (यानी $4.5 अरब/37,000 करोड़ रु. तक की हानि)
* GDP पर प्रभावः 0.3–0.5% (60,000–1,00,000 करोड़ रु. का असर)
* विदेशी व्यापार में संभावित गिरावटः 1.5–2% (20,000–25,000 करोड़ रु.)

### व्यापार घाटा कम करने के लिए अतिरिक्त व्यवहारिक सुझाव

**1. निर्यात विविधीकरण—उत्पाद और बाजार दोनों स्तरों पर**

* गैर-पारंपरिक कृषि निर्यातः फूल, औषधीय वनस्पति, जैविक मसाले, मिलेटस,सुपरफूड्स (मोरिंगा, किण्वित उत्पाद), खाद्य संपूरकों आदि पर ज़ोर दें, जिनकी वैश्विक मांग तेज़ है।
* सेवा क्षेत्र पर ध्यानः IT, फार्मा, अनुसंधान-नीति सलाह, शिक्षा तकनीक जैसे सेवा निर्यात को गति दें; ये सेक्टर प्रति डॉलर अधिक वैल्यू जोड़ सकते हैं।
* पूर्वी एशिया, लैटिन अमेरिका जैसे नए बाज़ारों की तलाशः बांग्लादेश-नेपाल-श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों से लेकर ब्राजील, वियतनाम, इजिप्ट जैसे कृषि-आधारित, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय ब्रांड पहुंचाएं।

2. आयात प्रतिस्थापन, विशेष रूप से कृषि व कृषि-रसायन क्षेत्र में
   * रसायन, कृषि मशीनरी, कृषि डीजल, खाद्य प्रसंस्करण में घरेलू निर्माण क्षमता को बढ़ावा दें।
   * ऐसे वस्तुओं में ड्रैगन फ्रूट, अल्पज्ञात दलहन, उच्च प्रोटीन युक्त अनाज जैसी फसलों का प्रोमोशन—इन्हें आत्मनिभर भारत का नया एजेंडा बनाएं।

### 3. रसद (Logistics) और सप्लाई-चेन सशक्तीकरण

* बंदरगाहों का डिजिटलीकरण, कृषि स्टोरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेलवे-राजमार्ग कनेक्टिविटी; ताकि निर्यात लागत घटे और उत्पाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके।
* फ्री ट्रेड वेयरहाउस और फूड पार्क का जाल Rural भारत में फैले । यह MSME क्षेत्र और कृषि निर्यातबढ़ोतरी के लिए ज़रूरी है।

**4. उच्च गुणवत्ता जैविक खेती और वैश्विक मानकों की ओर रूख**

* जैविक-प्रमाणीकृत खेती, यूरोपीय व उच्च ,मानकों के अनुरूप निर्यात; इससे उत्पाद रिजेक्शन घटेगा, मूल्य बेहतर मिलेगा।
* कृषि अनुसंधान में निवेश (बीज, क्लाइमेट स्मार्ट फार्मिंग, सस्टेनेबल पैकेजिंग)—यह लॉन्ग-टर्म निर्यात वृद्धि का साधन बनेगा।

**5. डिजिटल एवं ई-कॉमर्स निर्यात**

* कृषि एवं ग्रामीण उत्पादों के लिए Amazon, Walmart या Tmall जैसे प्लेटफॉर्म पर सीधे निर्यात।
* भारत सरकार डिजिटल एक्सपोर्ट पोर्टल्स (IndiaMart, TradeIndia) की इंटरनेशनल मार्केटिंग, ब्रांडिंग और ऑन-डिलीवरी सिस्टम सक्षम करे।

### 6. लेबर-इंटेंसिव इंडस्ट्रीज़ का विस्तार और स्किलिंग

* हैंडलूम, लॉजिस्टिक्स, मत्स्य, खाद्य प्रसंस्करण, हर्बल परंपरा,बोटानिकल्स क्षेत्रों में आउटपुट–निर्यात वृद्धि दोनों मुमकिन।
* ग्रामीण युवाओं को स्किल ट्रेनिंग और स्टार्टअप फंडिंग में प्राथमिकता।
* 7 इस समय मैं रूस की यात्रा पर हूं और यहां की कृषि नीतियों, किसान-प्रधान दृष्टिकोण और तकनीकी आत्मनिर्भरता को निकट से देख रहा हूं। यह स्पष्ट महसूस होता है कि रूस ने अमेरिका और पश्चिमी देशों की पाबंदियों को अनदेखा कर पूरी दृढ़ता से अपने कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया है। जैविक खेती, प्रसंस्करण और अनुसंधान आधारित नवाचारों के बल पर रूस ने साबित किया है कि जब नीति किसान को केंद्र में रखी जाती है, तो कोई विदेशी दखल ज़रूरी नहीं होता। भारत के लिए यह एक प्रेरक संकेत है कि हमें भी अमेरिकी दबावों से ऊपर उठकर ऐसे कृषि मॉडल अपनाने चाहिए, जो देश के स्वाभिमान, किसान और भविष्य तीनों को मज़बूत करें। और यह सब रातों रात नहीं होने वाला, पर इसकी ठोस शुरुआत तो करनी ही होगी। सरकार को इसकी शुरुआत सबसे पहले किसानों को विश्वास में लेकर करनी चाहिए। मेरा मानना है कि भारत का किसान निश्चित रूप से ऐसी परिस्थितियों में अपनी संपूर्ण ताकत तथा विश्वास के साथ देश व सरकार के साथ खड़ा होगा।

**अंत में,,, राष्ट्रीय स्वाभिमान, रणनीतिक विविधता और किसान समर्थ राष्ट्र की ओर :**

"सच्चे मित्र वही हैं जो हमारी ज़मीन, हमारे किसान और हमारी संप्रभुता का सम्मान करें।" अमेरिकी टैरिफ का दबाव चाहे जितना हो, अब जरूरत है , व्यावहारिक, बहुपक्षीय और किसान-समर्थ नीति की। रूस, अफ्रीका, एशिया में डिप्लोमैटिक व्यापारिक संबंध, दिल से भारत की आत्मनिर्भरता, खेती–उद्योग–निर्यात सबकी सम्मिलित शक्ति।

**और अब वक्त है दुनिया को यह बताने का कि ,**

* भारत अमेरिका से डरने वाला नहीं;
* हमारे किसान घुटने टेकने वाले नहीं;
* और सरकार बहुपक्षीय रणनीति व किसान सर्वोपरि सोच के साथ नए युग की बुनियाद रखने को दृढ़-संकल्पित है!

माटी की सुगंध और देशी किसान की ताकत, यही भारत की कारोबारी, नैतिक और राष्ट्रीय पूंजी है।

हम व्यापार घाटे को भी अवसर में बदलेंगे, अमेरिका के टैरिफ को भी अपनी बहुआयामी आर्थिक शक्ति विस्तार का तथा अंतरराष्ट्रीय रिश्तों को पुनर्परिभाषित कर नया अध्याय बनाएंगे।

## ब्लड प्रेशर को नेचुरल तरीके से कंट्रोल करने के 3 आसान उपाय

अगर आपको भी अचानक से आपका ब्लड प्रेशर हाई की समस्या होती है, तो आपको फौरन कुछ नेचुरल तरीके अपनाने चाहिए। आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिससे आप बिना डॉक्टर और दवा के हाई ब्लड प्रेशर को फौरन कंट्रोल कर सकते हैं। आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ में लोग अपने स्वास्थ्य का सही तरीके से ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। ऐसे में लोगों को सेहत संबंधी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से बीपी की समस्या बढ़ गई है। हाई बीपी एक गंभीर बीमारी है और कई बार इसके लक्षण भी नहीं पता चलते हैं। लेकिन अगर समय रहते इसको कंट्रोल नहीं किया गया, तो कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। आज के समय में सिर्फ बड़े लोगों को ही नहीं बल्कि युवाओं को भी यह अपनी चपेट में ले रहा है। ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि ब्लड प्रेशर के हाई होने पर आपको क्या करना चाहिए कि यह फौरन कंट्रोल हो जाए। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं और अचानक से आपका ब्लड प्रेशर हाई हो गया है, तो आपको फौरन कुछ नेचुरल तरीके अपना सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिससे आप बिना डॉक्टर और दवा के हाई ब्लड प्रेशर को फौरन कंट्रोल कर सकते हैं।

डीप ब्रीदिग एक्सरसाइज करने से पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम एक्टिव हो जाता है। इससे हार्ट रेट धीमी हो जाती है और ब्लड वेसेल्स को भी आराम मिलता है। कुछ मिनट तक ऐसा करने से ब्लड वेसेल्स जल्दी और नेचुरली तरीके से कंट्रोल हो जाता है।

**ठंडे पानी से धोएं चेहरे**-अगर अचानक से आपका बीपी बढ़ जाता है, तो आपको फौरन ठंडे पानी से चेहरे को धोना चाहिए। वही पैरों को कुछ देर के लिए ठंडे पानी में भिगोना चाहिए। इससे ब्लड वेसल्स सिकुड़ती है। ऐसा करने से दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायता मिलती है। साथ ही यह चिंता और तनाव कम करता है।

**नींबू पानी पिएं**-जब भी आपका बीपी बढ़ जाए, तो आपको नींबू पानी पीना चाहिए। इसमें आपको चीनी और नमक नहीं मिलाना है। सादा नींबू पानी पीने से शरीर में पोटैशियम की कमी पूरी होती है।

## सू-दोकू 126

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू–दोकू क्र.125 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

एक नजर

## खपरी में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार, 31 जुलाई।** आयुष विभाग द्वारा मंगलवार को बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मेढ़ के आश्रित ग्राम खपरी मेंआयुष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। शिविर में 138 मरीजों का ईलाज किया गया जिसमें 53 मरीज होम्योपैथी एवं 85 आयुर्वेद चिकित्सा द्वारा ईलाज कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। मरीजों को सर्दी, खांसी,बुखार होना, नये पुराने रोग, वातरोग, उदररोग, अर्श, बवासीर, भगंदर, श्वासरोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग, लकवा, पीलियां, पुराने टायफाईट, झिनझिनी, वातरोग, गैस्टींग, भूख न लगना, बाल झड़ना एवं पकना, नींद नहीं आना आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पध्दति द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या, योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने हेतु उपाय बताया गया। शिविर में डॉ.एल.एस. ध्रुव, डॉ.नेकदत्त बरतामसी, सावित्री योगी, सुशील जायसवाल, योगेन्द्र गेंडरे, भारत साहू, सरपंच मेढ़ श्रीमति सुषमा ध्रुव, उपसरपंच विजय साहू एवं स्कूल के प्रधान पाठक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत आंनलाइन आवेदन 5 अगस्त तक

**बलौदाबाजार,31 जुलाई।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण हेतु अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित हैं। योजना के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संचालित निजी आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 5 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि योजनांतर्गत अनुबंधित निजी आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिलाया जाकर कक्षा 12 वीं तक निःशुल्क अध्ययन का अवसर प्रदान किया जायेगा। चयन प्रक्रिया कक्षा पांचवी में मेरिट के आधार पर किया जाएगा। चयनित छात्र-छात्राओं को राज्य के निजी आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। समस्त शैक्षणिक, आवासीय शुल्क मंडल द्वारा वहन किया जाएगा। इसके लिए न्युनतम अर्हता एक वर्ष पुराना श्रमिक पंजीयन तथा आयु न्यूनतम 10 वर्ष से एवं अधिकतम 12 वर्ष या 01 अप्रैल 2012 के बीच होनी चाहिए। इस योजना से प्रथम दो संतान ही पात्र होंगे। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना हेतु स्कूल द्वारा जारी अध्ययनरत प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीयन कार्ड (एक वर्ष पुराना), श्रमिक के पुत्र-पुत्री का आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज अनिवार्य है। इच्छुक पंजीकृत निर्माण श्रमिक ऑनलाईन आवेदन 5 अगस्त 2025 तक विभागीय के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला श्रम कार्यालय, श्रम संसाधन केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र एवं दुरभाष नंबर 07727-796161 मे संपर्क कर कर सकते हैं।

## रामाराम आत्मानंद हाईस्कूल में वृक्षारोपण



**सुकमा, 30 जुलाई।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और आरोह फाउंडेशन सुकमा की संयुक्त पहल पर आज रामाराम आत्मानंद हाई स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों और स्थानीय समुदाय में वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे,अतिथियों ने अपने विचार साझा किए और बच्चों तथा समुदाय के लोगों को पेड़ लगाने और उनकी रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐसे प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। आरोह फाउंडेशन सुकमा की टीम के सदस्य भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और कार्यक्रम के आयोजन व संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों और स्थानीय समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय मिला। कार्यक्रम में श्री आयता राम मंडावी (जनपद सदस्य), डॉ. राजेंद्र कश्यप (कृषि विज्ञान केंद्र), डॉ. योगेश सिद्धार (कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा), श्री पुनीत राम टंडन (प्राचार्य, हाई स्कूल रामाराम), श्री रफीक कुरैशी (प्रधान अध्यापक), श्रीमती सोमारी यादव (वीडीसी अध्यक्ष), श्री राजेश वेको (सहायक सचिव, रामाराम), वरुण (प्रोग्राम लीडर, पिरामल फाउंडेशन) एवं मंजीत जी (पिरामल फाउंडेशन) और आरोह फाउंडेशन के क्लस्टर कोर्डिनेटर प्रभात साजन, हेमकान्त जोशी, कृषि विशेषज्ञ अनिल ठाकुर,कम्युनिस्ट रिसोर्स पर्सन मनोज कुमार, हड़मा, रमेश,कमला शामिल थे।

## स्लरी पाइपलाइन मुद्दे में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : सुलोचना कर्मा

**दन्तेवाड़ा, 31 जुलाई।** दन्तेवाड़ा, जिले में नगरनार से बचेली के बीच चल रहे एनएमडीसी स्लरी पाइपलाइन कार्य एक बार फिर से विवादों में है जिसमें इस कंपनी के लापरवाही से एक घर का चिराग बुझ गया । इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए आज महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गीदम ब्लॉक से जिला पँचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने आज गीदम के हाऊरनार पँचायत जाकर पीड़ित परिवार से मिलने पहुँची और दुर्घटना स्थल का निरक्षण कर स्थिति का जायज़ा लिया । मृतक बालक डिकेश्वर ठाकुर की माँ से मिलकर उन्हें हिम्मत दी और भरोसा दिलाया कि दोषियों को बख्शा नही जाएगा।

# कागजों में चमका मद्देड़ बाजार

## पैसा पानी की तरह बहाने के बाद भी हर तरफ कीचड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 31 जुलाई।** हर सप्ताह लगने वाला साप्ताहिक बाजार जहां कीचड़, गंदगी और अव्यवस्था बना हुआ है। कीचड़ से भरा बाजार स्थल व्यापारियों की परेशानी बढ़ा रहा है, बल्कि खरीदारी के लिए आने वाले ग्रामीणों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर रहा है। यहां साप्ताहिक बाजार का मामला भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत मद्देड़ का है जहां पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च किया गया बस स्टैंड के आसपास लगने वाले बाजार के लिए मगर परिणाम में कीचड़ से भरा हुआ स्थान मिला व्यापारियों और बाजार में खरीदारी करने वाले ग्रामीणों को।





**व्यापारियों से टैक्स लेते हैं सुविधा कुछ नहीं**

साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने खुलकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रत्येक दुकान से 30 रूपए टैक्स वसूला जाता है, लेकिन उसके बदले कोई सुविधा नहीं दी जाती। व्यापारी कीचड़ में दुकान लगाने को मजबूर हैं। ग्राहक आते हैं, फिसलते हैं, और फिर लौट जाते हैं। बाजार में आवश्यक राशन सामान लेने पहुंचने वाले ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं। चलने के लिए पक्की या समतल जगह नहीं, चारों ओर कीचड़ और फिसलन। ग्रामीण बाजार जरूरत के सामान लेने को आते हैं, पर यहां कीचड़ में चलना जोखिम भरा हो गया है।

**कागजों पर खर्च 2.45 लाख, जमीनी हकीकत जीरो**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पंचायत ने साफ-सफाई और समतलीकरण के नाम पर 2,45,000 रूपए खर्च किया है। 28 दिसंबर 2024 को समतलीकरण कार्य 89,000 रूपए पुनः उसी तारीख को साफ-सफाई के नाम पर 1,01,000 रूपए और 04 जुलाई 2025 को साफ-सफाई का जिक्र करते हुए 55,000 रूपए, इस तरह बस स्टैंड के आसपास साफ-सफाई और समतलीकरण के नाम जिक्र करते हुए कुल 2,45,000 रूपए आहरण किया गया। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बावजूद बाजार की हालत सुधरने की बजाय और बिगड़ गई है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यह खर्च सिर्फ कागजों पर दिखाया गया है, जबकि जमीन पर कोई कार्य दिखाई नहीं देता। व्यापारियों और ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत टैक्स तो लेती है लेकिन मूलभूत सुविधाएं देने में असफल रही है। अगर 2.45 लाख का साफ-सफाई कार्य हुआ होता, तो कीचड़ में क्यों खड़े होते?

पूर्व में मद्देड़ के ग्रामवासियों द्वारा लाखों के भ्रष्टाचार संबंध में शिकायत किया गया था जिस पर जांच भी किया गया मगर जांच अधिकारियों पर ही भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाते हुए पुनः जांच करने हेतु पंचायत में बैठक भी कराया गया था। अब देखना यहां होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर क्या कार्रवाई करता है, या फिर मद्देड़ बाजार कीचड़ और अव्यवस्था में यूं ही घुटता रहेगा।

**पहली बारिश में कीचड़ होने के कारण व्यापारियों ने मुझसे कहा था कि दुकान लगाने में दिक्कत हो रहा है तो तत्कालीन व्यवस्था करने के लिए रेत डलवाया गया। स्थिति में पूरी तरह सुधार तो नहीं होगा लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर किया गया।**

**- चित्तापुरी श्यामबाबू (उप सरपंच) ग्राम पंचायत मद्देड़**

## आकांक्षा हाट समारोह 1 अगस्त को

**सुकमा, 31 जुलाई।** जिला एवं आकांक्षी विकास खंड अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में केंद्रीय नीति आयोग द्वारा जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान एवं आकांक्षाहाट समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में यह कार्यक्रम 1 अगस्त 2025 को शबरी ऑडिटोरियम, कुम्हाररास में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में आकांक्षी विकास खंडों में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही आकांक्षाहाट के माध्यम से जिले के विभिन्न स्व-सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे ग्रामीण अंचल के लोगों को अपनी आजीविका में वृद्धि का अवसर प्राप्त हो सके।

## 23 संकुल समन्वयकों को नोटिस जारी

### सुकमा जिले में कलेक्टर की बड़ी कार्यवाही

**सुकमा, 31 जुलाई।** सुकमा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार टीएल बैठक में समीक्षा के दौरान शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों को प्रवेश दिलाने में कोताही बरतने वाले संकुल समन्वयकों को नोटिस जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम में संकुल समन्वयकों के कोताही बरतने वाले सभी संकुल समन्वयकों को नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री मनोज कुमार साहू संकुल एलमागुण्डा, श्री सालिक राम बंजारे संकुल गुफ्डी, श्री रघुवीर नेताम संकुल कस्तरी, श्री दुष्यंत दाउ संकुल



लेदा, श्री नरेन्द्र राणा संकुल गुडरा, श्री महादेव बेघेल संकुलसामसट्टी, श्री मानदाता पटेल संकुल मिसमा, श्री रामलाल मरकाम संकुल हमीरगढ़, श्री भीमराज समरथ संकुल बंजेपल्ली, श्री सुरन्द्र प्रताप राज संकुल रामपुरम, श्री देवनाथ कवाची संकुल गोंडेरास, श्री तुलाराम मण्डावी संकुल तालनार, श्री प्रवीण मिश्रा संकुल पेरमारास, श्री रामकुमार वादेकर संकुल किंदरवाडा, श्री पुनित राम सिन्हा संकुल पेन्टा, श्री हेमन्तदास मानिकपुरी संकुल पोलमपल्ली, श्री रामनारायण दुग्गे संकुल सगुनघाट, श्री लालसिंह नायक संकुल दुब्बाटोटा, श्री महेन्द्र नाग संकुल कुन्ना, श्री दुलेश्वर सिंह कोर्राम संकुल भेज्जी, श्री शेख अब्दुल मतीन संकुल मुलाकिसोली, श्री मंजीत मिंज संकुल पोन्दुम, श्री निखिल चन्द्र सुना संकुल गोंदपल्ली को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए हैं। समाधानकारक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में प्रशासन के द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध रेत भंडारण पर हुई कार्रवाई

### 1200 हाइवा रेत जप्त, 44.97 लाख रुपये का अर्थदंड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 31 जुलाई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम ने कोन्टा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत भंडारण के तीन मामलों में प्रकरण दर्ज किया है। प्रभारी खनिज अधिकारी श्री छबिलेश्वर मौर्य एवं खनिज अमला द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई जांच में लगभग 1200 हाइवा रेत जप्त की गई। भंडारंडकर्ताओं पर 44,97,460 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।



जांच के दौरान जिन स्थलों पर अवैध भंडारण पाया गया, जिनमें भंडारंडकर्ता श्री एस.डी. राज निवासी धरमपुरा ब्रिज नगर, जगदलपुर, जिला बस्तर भंडारण स्थल (ग्राम फंदीगुड़ा, तहसील कोन्टा, जिला सुकमा), भंडारंडकर्ता श्री पी. युवराज पिता श्री पी. विजय निवासी कोन्टा भंडारण स्थल (ग्राम ढोंढरा, तहसील कोन्टा, जिला सुकमा) तथा भंडारंडकर्ता श्री एस.डी. सैफअली पिता श्री उस्मान अली निवासी कोन्टा भंडारण स्थल (नगर पंचायत कोन्टा, तहसील कोन्टा, जिला सुकमा) शामिल है। जांच के समय तीनों भंडारंडकर्ताओं द्वारा वैध अभिवहन पास अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके बाद खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 एवं छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन एवं भंडारण) नियम 2009 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। प्रभारी खनि अधिकारी श्री मौर्य ने बताया कि उक्त कार्रवाई में जप्त रेत का बाजार मूल्य लगभग 44.97 लाख रुपये है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई कलेक्टर के सख्त निर्देशों के अनुरूप की गई है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई में प्रभारी खनि अधिकारी श्री छबिलेश्वर मौर्य के साथ खनिज अमला सुकमा की पूरी टीम मौजूद रही।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर लगाया गया जांच शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 31 जुलाई।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उलखर और सेक्टर गोडम के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा केपी हायर सेकेंडरी स्कूल बंधापाली में सिकलसेल, हिमोग्लोबिन और आंख का जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिन छात्रों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना था उसे भी बनाया गया। शिविर में डॉक्टर एफ आर निराला सीएमएचओ सारंगढ़, ओमप्रकाश कुर्रे एसएमओ गोडम, अरुण नायक एसएमओ कनकवीरा, रोशन सचदेव डीपीसी सारंगढ़ एवं सेक्टर गोडम के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में डॉक्टर एफ आर निराला ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस के मौके पर हेपेटाइटिस के बारे में छात्रों को जानकारी दिए। हेपेटाइटिस के अलावा आंख संबंधी जानकारी, टीबी, सिकलसेल व अन्य कई बीमारियों के बारे में जानकारी दिया गया।

## ग्राम पंचायतों के सहयोग से शिविर लगाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा, 31 जुलाई।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के द्वारा आज दंतेवाड़ा एवं कटेकल्याण विकासखंड के स्वास्थ्य केन्द्रों बालूद एवं पोन्दुम पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप-स्वास्थ्य केंद्रों) का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए एएनसी (एंटी नेटल केयर) जांच, ओपीडी सेवाएं, औषधि आपूर्ति, टीकाकरण, रिकॉर्ड संधारण सहित अन्य चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती माताओं को समय पर आवश्यक जांच, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियां, पोषण परामर्श तथा संस्थागत प्रसव की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने निक्षय निरामय योजना के अंतर्गत क्षय रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा वय वंदना योजना के लाभार्थियों की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से सेवा प्रदाय की गुणवत्ता, मरीजों की संख्या और नियमित उपस्थिति के विषय में चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में एन्टीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने उपस्थित स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि वय वंदना और आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों के ट्रेसिग के लिए क्षेत्र में शत-प्रतिशत स्वास्थ्य स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाकर शिविर का आयोजन करें। उन्होंने आगे कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ मरीजों को दवा देने तक सीमित नहीं है इसके अलावा सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता फील्ड में जाकर सक्रिय रूप से कार्य करना भी जरूरी है।

## कार्य में विलंब के चलते ठेकेदारों को नोटिस

**दंतेवाड़ा, 31 जुलाई।** आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के द्वारा आज दंतेवाड़ा एवं कटेकल्याण विकासखंड के ग्राम मेडोली के बालक आवासीय पोटाकेबिन, मेटापाल बालक आश्रम और कटेकल्याण में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, परचेली के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सहित गाटम , बेगलुरू के छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम ग्राम मेडोली के बालक आवासीय पोटाकेबिन निरीक्षण करते हुए रिनोवेशन कार्य के तहत पंखे, लाइट एवं बिजली व्यवस्था को गुणवत्ता उत्कृष्टता अनुरूप निर्मित करने के निर्देश कार्य एजेंसियों को दिए। इस प्रकार मेटापाल बालक आश्रम का भी उन्होंने निरीक्षण किया और वहाँ चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यों की धीमी गति और गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करते हुए पोटाकेबिन को सर्वसुविधायुक्त और उत्कृष्ट गुणवत्ता वाला बनाया जाए। इस साथ ही उन्होंने कटेकल्याण निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय परिसर विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उसे तय अवधि में बनाने को कहा।

## पीएम आवास में लगा रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

**सुकमा, 31 जुलाई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पीएम आवास योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों का गृहप्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुधवार को सुकमा विकासखंड में केरलापाल, छिंदगढ़ विकासखंड के कुकानार और कोंटा विकासखंड के एर्राबोर में कार्यक्रम आयोजित कर हितग्राहियों को गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नवनिर्मित आवास में गृहप्रवेश कराया। इस तारतम्य में कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत एर्राबोर में नवनिर्मित पूर्ण पीएम आवास में गृह प्रवेश के साथ एक पेड़ माँ के नाम और रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। एर्राबोर में आयोजित विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंगम्मा सोयम ने



शिरकत की। कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम आवास हितग्राही श्रीमती पण्डा वीरी पति वीरा के द्वारा नवनिर्मित पीएम आवास में गृहप्रवेश किया गया। इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम योजनांतर्गत फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण और घर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी स्थापित किया गया।

## दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सहायक सामग्री किट वितरित

**सुकमा, 31 जुलाई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर. मंडावी तथा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री उमाशंकर तिवारी के मार्गदर्शन में जिले के आठ मानसिक रूप से विशेष दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सहायक सामग्री (टी.एल.एम. कीट) प्रदान की गई। यह सामग्री दिव्यांग कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तीकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सी.आर.सी.) ठाकुर टोला, राजनांदगांव से प्राप्त कर बच्चों तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर जिला





शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर. मंडावी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षण कार्य में प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि टी.एल.एम. कीट में ऐसे शैक्षणिक उपकरण शामिल हैं जो बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने, बौद्धिक विकास में सहायता करने तथा उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने में सहायक होंगे। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि इन कीटों में विशेष प्रकार की शिक्षण सामग्री जैसे- चित्र कार्ड, अक्षर एवं अंक बोर्ड, रंग-बिरंगे ब्लॉक्स, स्पर्श एवं ध्वनि आधारित उपकरण शामिल हैं, जो बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाने और सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाने में सहायक होंगे।

उक्त कार्यक्रम के दौरान बच्चों और उनके परिजनों ने सामग्री प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। परिजनों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग का आभार जताते हुए कहा कि यह सामग्री बच्चों के शैक्षणिक कार्य में निश्चित ही सहायक सिद्ध होगी।

## शिक्षक की भूमिका में कलेक्टर, बच्चों से पूछे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 31 जुलाई।** आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के द्वारा आज दंतेवाड़ा एवं कटेकल्याण विकासखंड कलेक्टर ग्राम मेडोली के बालक आवासीय पोटाकेबिन, गाटम, परचेली में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलो के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोटाकेबिन में अध्ययनरत बच्चों से मुलाकात की और उनसे पढ़ाई से जुड़े सवाल पूछे। और जिन बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए, जिस पर कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम बेंगलूर एवं गाटम के पोटाकेबिन का भी अवलोकन किया और वहां पर पढ़ाई कर रहे बच्चों से अंग्रेजी के सवाल भी पूछे गए। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा ग्राम परचेली में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल निरीक्षण करके बच्चों की शैक्षणिक स्थिति को परखने के लिए स्वयं कक्षा में जाकर गणित और अंग्रेजी के प्रश्न पूछे। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्रों स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य को भी देखा और नियमित रूप से संस्थाओं में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए।

**बच्चों की मांगों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

ग्राम परचेली में डीएव्ही स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों ने कलेक्टर से कुछ बुनियादी सुविधाओं की माँग रखी, जिनमें स्कूल और छात्रावास से जुड़ी आवश्यकताएँ शामिल थीं। कलेक्टर ने बच्चों की बातों को गंभीरता से लेते हुए आरईएस के कार्यपालन अभियंता (ईई), जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों की माँगों के अनुरूप कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए।

परचेली में स्कूल परिसर के साथ-साथ बच्चों के आश्रम छात्रावास का भी निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहाँ की पेयजल, शौचालय, स्नानगृह (बाथरूम) तथा बिजली व्यवस्था (लाइटिंग) का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, जिसे लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बुनियादी सुविधाएँ शीघ्र और सुनिश्चित रूप से उपलब्ध कराई जाएँ, ताकि बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने कटेकल्याण के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, छात्रावास तथा शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और बच्चियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होने छात्राओं को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता का जायजा भी लिया और स्वयं भोजन का निरीक्षण कर बच्चों से उनके अनुभव साझा करने को कहा। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानी और उनकी आवश्यकताओं को गंभीरता से संज्ञान में लेने का आश्वासन दिया।

इसके साथ ही कलेक्टर अतं में बड़ेलखापाल कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास का निरीक्षण करते हुए अधीक्षिका सभी प्रकार रजिस्टर का संधारण नियमित रूप करने को निर्देश दिए।

**छात्राओ के संग किया भोजन**

इसके साथ ही ने ग्राम गाटम के कन्या पोटा केबिन में कलेक्टर, सीईओ, अपर कलेक्टर, एसडीएम, जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारियों ने न्योता भोज के आयोजन के तहत छात्राओ के संग दोपहर का भोजन भी किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, एसडीएम श्री मूलचंद चौपड़ा, जनपद सीईओ दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी, श्री एस.के. अम्बस्ट, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, पीएमजीएसवाय, पीएचई, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मूनलाईट इंग्लिश मीडियम स्कूल ने पं.सत्यप्रकाश चौबे जी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर, 31 जुलाई।** मूनलाईट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल एवं भारतीयम हायर सेकेण्डरी स्कूल के संस्थापक एवं पूर्व शिक्षा अधिकारी स्व.पं.सत्यप्रकाश चौबे जी की पूण्य तिथि पर शाला परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर शाला संचालक सुधीर कुमार चौबे ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला इस अवसर पर शाला के शिक्षक शिक्षिका एवं अन्य कर्मचारी में प्राचार्य श्रीमती गोमती साहू ,प्राचार्या श्रीमती ललिता दास श्रीमती प्राची मिश्रा,जीवराखन महानंद, विजय दुबे,रूबी बिलको,रीना दास,मोहन राव, उर्मिला सोनबेर, निर्मला साहू ,डाली धुरंधर,सुनीता गिलूलकर,किरण बंजारे, मंदाकिनी निषाद,अल्का नागरिया,मिथलेश वर्मा,डाकेश्वरी पाठक,अंजूलता ठाकुर,मनीषा उकंडे, दीपिका शुक्ला, श्रद्धा शर्मा,मीना जोशी, प्रियंका रात्रे, अनिता काटेवार, शशि कला ठाकुर , एलिशा हियाल, साक्षी पिल्ले, सारिका वर्मा, रश्मि वर्मा कल्पना, पूर्वी साठे, प्रतिष्ठा मिश्रा, पारूल मेहता,पूनम राजपूत, लक्ष्मी राव,रावना राव खुशी राव,पार्वती राव,गुंजा यादव, रूखमणी करामत गुंडाधर तांडी एवं शाला के छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गांव-गांव लगाए जा रहे आयुर्वेद शिविर, 327 मरीजों को मिला अब तक नि:शुल्क उपचार

**रायगढ़, 31 जुलाई।** आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय नायक द्वारा गांव-गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार कर गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की जा रही हैं। साथ ही रोगियों को उचित परामर्श और परहेज संबंधी जानकारी भी दी जा रही है।डॉ.नायक ने बताया कि शिविरों में मौसम के अनुसार आहार-विहार, दिनचर्या, योगासन एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली से जुड़ी जानकारी दी जा रही है, जिससे लोग प्राकृतिक और स्थायी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। जुलाई माह में आयोजित शिविरों में कुल 327 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया, जिसमें रनभाटा से 41, जिलाडी से 34, बारडोली से 94, बोदा से 61 तथा चनघोरी से 97 रोगी शामिल हैं। इन शिविरों में मरीजों को आयुर्वेदिक दवाई, शास्त्रोक एवं अन्य पेटेंट औषधियां वितरित किया गया। बुनगा केंद्र में प्रत्येक माह जीवनशैली में बदलाव हेतु सत्र, औषधीय पौधों की जानकारी, मितानिन प्रशिक्षण, नियमित योगाभ्यास, एनसीडी स्क्रीनिंग एवं अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान में डॉ. जागृति पटेल, फार्मासिस्ट भोज कुमार मालाकार, राजेश साव, श्रीमती प्रेमबाई मैत्री, पदमा मेहर, चंद्रिका सिदार सहित कई मितानिनों का सक्रिय सहयोग रहा।

### पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का अब मोबाइल ऐप से होगा वार्षिक सत्यापन

**रायगढ़, 31 जुलाई।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन अब डिजिटल माध्यम से किया जाएगा।

उप संचालक समाज कल्याण रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक यह सत्यापन कार्य मैन्युअल रूप से किया जाता था, जिसमें समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी। इसे सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने "BENEFICIARY SATYAPAN APP"(For Android Mobile Phones) तैयार किया है। इस ऐप के माध्यम से पेंशन हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन ग्राम पंचायत सचिवों, जनपद पंचायत अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के माध्यम से किया जाएगा। यह पहल पेंशन प्रक्रिया को अधिक कुशल, पारदर्शी और तकनीक-सम्मत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जिला प्रशासन द्वारा सावन के महीना में रील प्रतियोगिता का किया जा रहा आयोजन

**सक्ती, 31 जुलाई।** सक्ती जिले में जिला प्रशासन द्वारा सावन का महीना में रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका थीम सेलिब्रेट द मानसून मैजिक ऑफ सक्ती रखा गया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार रील जमा करने की तिथि 14 अगस्त 2025 तक निर्धारित की गई है। परिणाम की घोषणा 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के दिन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2500 रुपए रखा गया है। साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1000 लाइक पार करने वाली हर रील पर इनाम मिलेगा। 1000 से ज़्यादा लाइक पर, प्रति लाइक एक रुपए का इनाम मिलेगा (उदाहरण के लिए 1500 लाइक आने पर 500 रुपए का इनाम दिया जाएगा)।सावन रील प्रतियोगिता के लिए सुझाए गए स्थान तुर्री धाम - मानसून की हवा में भक्ति में डूब जाएँ, दमाऊ धारा - झरनों की सुंदरता को कैद करें, चंद्रपुर (चंद्रहासिनी मंदिर) - सावन के दौरान आध्यात्मिक भव्यता का प्रदर्शन पर आधारित है। इन तीनों स्थानों का रील बनाकर प्रतिभागी रील प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। यह 15 जुलाई 2025 से 15 अगस्त 2025 के समयावधि तक चलेगा। नियम एवं शर्त सहित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला पंचायत कार्यालय सक्ती से सम्पर्क किया जा सकता है।

### जलजीवन मिशन की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिखाई सख्ती

**रायगढ़, 31 जुलाई।** जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा और काम में कसावट लाने के लिए आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने लचर काम-काज के चलते 9 ठेकेदारों के टेंडर निरस्त कर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस भी ठेकेदार ने उसके हिस्से का काम अधूरे में ही रोक दिया है, या काम अत्यंत धीमा उसका टेंडर तत्काल निरस्त करते हुए ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। जल जीवन मिशन में ढिलाई वाला रवैय्या कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों सहित जिले में कार्यरत सभी ठेकदारों की बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी को स्पष्ट करते हुए कहा कि हर महीने बैठक लेकर अधूरे प्रोजेक्ट्स के हर काम की समीक्षा की जाएगी, जहां लापरवाही मिली वहां कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आईटीआई रायगढ़ में स्क्रेप सामग्रियों के लिए 14 अगस्त तक मंगाई गई निविदा

**रायगढ़, 31 जुलाई।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में उपलब्ध आयरन तथा अन्य स्क्रेप सामग्री की नीलामी के लिए 14 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा उसी दिन शाम 4 बजे निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### बच्चों की जान से किया जा रहा है खिलवाड़ : मोनू केसरी

# खरसिया के स्कूलों में चल रही खटारा एवं जर्जर बसें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,31 जुलाई।** खरसिया विकासखण्ड क्षेत्र में संचालित निजी एवं शासकीय स्कूलों के अध्ययनरत छात्र छात्राओं को घर से स्कूल तक पहुंचाने एवं स्कूल से घर तक वापस लाने हेतु जो स्कूली बस एवं अन्य वाहनों चल रही है। उनमें से अधिकांश वाहनों की स्थिति काफी दयनीय है। इस संबंध में युवा नेता मोनू केसरी ने कहा है कि इन वाहनों में आना जाना करने वाले बच्चों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इसका जिम्मेदार कौन है?

युवा नेता मोनू केसरी ने बताया कि खरसिया विकासखण्ड में सेंट जॉन इग्लिंश मिडयम स्कूल, चैतन्य स्कूल, अकेडिम स्कूल रजघटा, आलोक इंटरनेशनल रजघटा, विवेकानंद स्कूल मदनपुर, डी. ए.व्ही.मोनेट, शंकराचार्य स्कूल खरसिया, आत्मानंद स्कूल खरसिया । जिनमें पढ़ने वाले बच्चों को प्रतिदिन स्कूल बस या अन्य चारपहिया वाहनों से स्कूल आना जाना करना पड़ता हैं। स्कूल बस एवं अन्य वाहन संचालकों द्वारा इस सुविधा के एवज में अभिभावको से एक तयशुदा रकम प्रतिमाह लिया जाता है। वाहन संचालकों द्वारा स्कूली बच्चों के अभिभावकों से



प्रतिमाह किराया राशि तो वसूला जाता है किंतु जितनी राशि वाहन किराया के रूप में वसूली जाती है उतनी सुविधाएं अधिकांश वाहन चालेको द्वारा स्कूली बच्चों को नहीं दिया जाता हैं। इसके अलावा खरसिया नगरीय क्षेत्र में संचालित होने वाले स्कूलो जैसे सेंट जॉन इग्लिंश मिडयम स्कूल, चैतन्य स्कूल, अकेडिम स्कूल रजघटा, आलोक इंटरनेशनल रजघटा, विवेकानंद स्कूल मदनपुर, शंकराचार्य स्कूल खरसिया, आत्मानंद स्कूल खरसिया में जो स्कूल बस या वाहन चल रहे है उनमें से अधिकांश वाहनों की स्थिति काफी दयनीय है। शासन प्रशासन के नियम निर्देशों का वाहन चालकों द्वारा किसी प्रकार पालन नहीं किया जाता है। छोटे वाहनों में तो बच्चों को क्षमता से अधिक भरकर ले जाया जाता है जिस कारण से स्कूली छात्र छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना घटित होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इसलिये स्थानीय प्रशासन को चाहिए वो स्कूली बसों एवं अन्य वाहनों को फिटनेस, बीमा एवं वाहन चालकों का परीक्षण करें। अन्यथा हम आंदोलन करने को बाध्य होगें जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक क्विंटल गांजा जब्त

**सुकमा,31 जुलाई।** तोंगपाल पुलिस ने बीते गुरुवार को नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर नारकोटिक्स चेक पोस्ट एनएच.30ए ग्राम तोंगपाल पर की गई कार्रवाई में रेनॉल्ट ट्राइबर कार से 122.370 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सुचना मिली थी कि दोनों तस्कर गांजे की इस खेप को रेनॉल्ट ट्राइबर कार क्रमांक 37.2636 में छिपाकर सुकमा से जगदलपुर की ओर ले जाया जा रहे है। इसके बाद सूचना की पुष्टि के लिए सहायक उप निरीक्षक कमलेश साहू और उनकी टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 एनएच.30 ग्राम तोंगपाल के पास स्थित नारकोटिक्स जांच नाका पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने तस्करों की कार को रोक कर विधिवत जांच कीए जिसमें वाहन से कुल 24 पैकेट में बंद 122.370 किलोग्राम गांजा मिला। इसके बाद पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।उत्तर प्रदेश के रहने वाले है दोनों आरोपी बता दें कि गांजे की तस्करी करते पकड़े गए।

## ग्रामीणों को दी गई बैंकिंग एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी

**रायगढ़, 31 जुलाई।** वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत विकासखण्ड पुसौर के ग्राम खोखरा एवं चिखली में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए गए। खोखरा में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी गई। ऑनलाइन धोखाधड़ी, जैसे फिशिंग, म्यूल खाता, फर्जी जॉब ऑफर व फोन स्कैम से बचाव हेतु ग्रामीणों को सतर्क किया गया। शाखा प्रबंधक ने केवाईसी अपडेट व बीमा योजना से जुडने् की अपील की।

चिखली में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को साधारण व चक्रवृद्धि ब्याज, जिम्मेदार उधारी, निवेश-बचत के लाभ और बैंक व्यवसाय प्रतिनिधि सेवाओं की जानकारी दी गई। साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग पर भी बल दिया गया। दोनों कार्यक्रमों में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों से डिजिटल सतर्कता एवं योजनाओं के लाभ लेने का आग्रह किया।

### जिले में 765.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 31 जुलाई।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 30 जुलाई तक 765.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में जिले में 3.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 855.4 मिली मीटर, पुसौर में 797.1, खरसिया में 691.9, घरघोड़ा में 813.7, तमनार में 548.6, लैलूंगा में 700.3, मुकडेगा में 957.9, धरमजयगढ़ में 681.9, छाल में 700.3 एवं कापू में 905.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### छूटा कच्ची दीवारों का दर्द, मिला पक्के छत का सुकून

## पीएम आवास योजना ने बदली गणेशी पैकरा की जिंदगी

**रायगढ़, 31 जुलाई।** जिले के लैलूंगा विकासखंड के केराबहार ग्राम पंचायत में रहने वाली श्रीमती गणेशी पैकरा और उनके परिवार के लिए पक्का मकान होना सपने जैसा था। यह परिवार लंबे समय से एक कच्चे मकान में गुजर-बसर कर रहा था, जिसकी जर्जर दीवारें और टपकती छत हर बरसात में उनके लिए आफत बन जाती थीं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उनके जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और सम्मान का एक नया अध्याय जोड़ा है।



गणेशी पैकरा उन दिनों को याद करती हुई बताती हैं कि बरसात में कभी दीवार गिरने का डर, तो कभी बच्चों को सुरक्षित जगह पर सुलाने की चिंता रहती थी। उस समय हमें नहीं लगता था कि कभी पक्का घर भी नसीब होगा। उनका कच्चा आवास हर बरसात में उनके लिए एक नया इम्तिहान बन जाता था, जहां उन्हें और उनके परिवार को अनिश्चितता और भय के साये में जीना पड़ता था, लेकिन पीएम आवास योजना ने उनके जीवन में उम्मीद की एक नई किरण जगाई। उन्हें इस योजना के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने आवेदन किया। वर्ष 2024-25 में श्रीमती गणेशी पैकरा को योजना के तहत आवास निर्माण के लिए स्वीकृति मिली। उन्हें शासन से कुल 1.20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिली। इसके अतिरिक्त, उन्हें 90 दिनों की 21,690 रुपये मनरेगा मजदूरी का लाभ भी प्राप्त हुआ। उन्होंने इस सहायता राशि का सदुपयोग करते हुए एक मजबूत और सुसज्जित पक्का मकान तैयार किया। पैकरा भावुक होकर कहती हैं, हमारे पास अपना पक्का घर है, जिसमें बारिश, धूप और सर्दी से कोई डर नहीं। हमने जो भी सहायता राशि मिली, उसका एक-एक पैसा सोच-समझकर उपयोग किया। आज मेरे बच्चे सुरक्षित हैं, हमारे घर की छत नहीं टपकती और हम चैन की नींद सोते हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच वर्ष पूर्ण होने पर पीएम श्री स्कूलों को समर्पित

**रायगढ़, 31 जुलाई।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अखिल भारतीय शिक्षा सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें देशभर के 644 सर्वश्रेष्ठ पीएम श्री स्कूलों का शुभारंभ कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया गया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर रायगढ़ जिले से शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ को सर्वश्रेष्ठ पीएम श्री स्कूल के रूप में नामित किया गया, जो जिले के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय को इस मुकाम तक पहुंचाने में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों का सतत् मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त होता रहा। संस्था की प्राचार्य श्रीमती रूबी सज्जू वर्गीस ने इस उपलब्धि का श्रेय समस्त स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों तथा पालकों को देते हुए उनके सहयोग के लिए सराहना व्यक्त की।भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विद्यालय परिसर में किया गया, जिसे शाला विकास समिति अध्यक्ष श्री ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, मिडिल स्कूल (हिंदी माध्यम) अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, अंग्रेजी माध्यम की श्रीमती नेहा देवांगन, शिक्षकों, पालकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक देखा। इस अवसर पर सभी ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

# मालवाहक ऑटो चालक संघ पार्किंग के लिए नगर निगम आयुक्त के पास पहुंचे

**राजनंदगांव, 31 जुलाई।** कुछ दिन पूर्व राजनांदगांव में कब्जा हटाने और ट्रैफिक को क्लीयरेंस देने के लिए बाजार तथा फ्लावर एवं अन्य स्थानों में कब्जा हटाने का काम चला था।

नगर निगम ने पुलिस के साथ मिलकर बाजार में अवैध कब्जा तो हटाया ही साथ ही साथ फ्लावर के नीचे छोटी दुकान और माल वाहन का ऑटो खड़े होते थे उनको भी फ्लावर के नीचे से नीचे से भगा दिया। ऑटो चालक का लगातार कहना है रोड में गाड़ियों का जाम नही लगे इसलिए हम फ्लाईओवर के नीचे खाली जगह में माल वाहक खड़े करते हैं इस मामले को लेकर माल वाहक ऑटो चालक संघ नगर निगम



आयुक्त के पास पहुंचा था। मालवाहक ऑटो चालक संघ सदस्य अशरफ खान का कहना है 2004 से पहले से म्युनिसिपल स्कूल के सामने ऑटो माल वाहक हफ्ते में दो-तीन बार ही काम मिलता है अगर हम रोड में ऑटो लगाएंगे तो रास्ता जाम हो जाएगा इसलिए हमको फ्लावर के नीचे खाली की जगह में ऑटो लगाने दिया जाए हम सुबह ऑटो लगते हैं और शाम को चले जाते हैं हमारा कोई कब्जा भी नहीं है।

## सड़कों में पशुओं को खुला छोड़ने पर पशु मालिकों को होगी सजा और जुर्माना

**रायपुर, 31 जुलाई ।** बिलासपुर जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 प्रभावशील कर दी गई है। इसके तहत कोई भी पशुपालक अपनी पशुओं को खुले में नहीं छोड़ सकेगा। उन्हें अपने सभी पशुओं को बांधकर रखना होगा। अधिनियम का उल्लंघन करने पर कठोर सजा या जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बिलासपुर जिले के सभी एसडीएम द्वारा जारी अलग-अलग आदेश के अनुसार जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्यीय राजमार्गों एवं स्थानीय मार्गों में लगातार सड़क दुर्घटना घटित हो रही है जिसका एक प्रमुख कारण स्थानीय पशु मालिकों द्वारा लापरवाही व गैरजिम्मेदारीपूर्वक पशुओं को सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से छोड़ देना है। इन पशुओं के कारण न केवल आवागमन बाधित होता है, अपितु जनहानि, पशुहानि एवं मालहानि जैसी गंभीर घटना घटित होती है जिससे कानून व लोक शांति व्यवस्था भंग की स्थिति निर्मित होती है। पशुओं के मार्गों में एकत्रित होने से अत्यावश्यक एवं आपातकालीन सेवा देने वाले वाहनों का आवागमन भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है। पशु पालकों द्वारा अपने मवेशियों को सड़कों या सार्वजनिक स्थलों में न छोड़कर उचित प्रबंधन एवं रखरखाव किए जाने से सड़कों पर होने वाली मानव जीवन की क्षति, पशु क्षति, संपत्ति की क्षति से बचाव के साथ ही कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने से बचा जा सकता है।

## मनोरा कॉलेज भवन निर्माण के लिए 4.61 करोड़ रूपये की स्वीकृति

**जशपुर, 31 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मनोरा विकासखंड के शासकीय कॉलेज भवन के निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 61 लाख 25 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री द्वारा अपने जशपुर प्रवास के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप दी गई है, जिस पर राज्य सरकार द्वारा तत्परता से अमल किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जशपुर जिले के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और सड़क-पुल निर्माण से जुड़े कार्यों के लिए लगातार स्वीकृतियाँ दी जा रही हैं, ताकि विकास योजनाएं तेज़ी से धरातल पर उतर सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि दूरस्थ अंचलों के बच्चों को भी उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उनके निकट ही उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य से मनोरा में कॉलेज भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

मनोरा में कॉलेज भवन निर्माण की स्वीकृति से क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री की इस पहल के लिए उनका आभार प्रकट किया है।

## प्रोजेक्ट धड़कन के तहत दूसरे दिन केंद्रीय विद्यालय-2 में 257 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई



**रायपुर, 31 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की एक और नवाचार पहल प्रोजेक्ट धड़कन के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रायपुर में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों की हृदय रोग से संबंधित जांच की गई। आज 30 जुलाई को विद्यालय में 256 विद्यार्थियों का स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 132 छात्र एवं 124 छात्राएं शामिल हैं। जिसमे 3 विद्यार्थी को चिन्हित किया गया, जिनको विशेष परीक्षण के लिए श्री सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर भेजाद्ध गया। इस योजना के माध्यम से सभी बच्चो के हृदय की जांच की जाएगी और कुछ कमी पाए जाने पर श्री सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर में ईलाज किया जाएगा । कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी और शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की प्रारंभिक पहचान और निशुल्क इलाज सुनिश्चित करना है। तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में परेशानी, स्तनपान के समय पसीना आना आदि लक्षणों के आधार पर बच्चों की जांच की जा रही है।

### दिव्यांगजनों के कौशल विकास के लिए शिविर आयोजित

**रायपुर, 31 जुलाई।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इच्छुक दिव्यांगजन प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए विभाग से संपर्क कर सकते हैं।इसके तहत 1 अगस्त को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, चंदई सारंगढ़ में डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स, 4 अगस्त को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, सरिया में इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन कोर्स और 5 अगस्त को नगर पंचायत भवन सरसीवा में सहारा सामाजिक सेवा समिति आदि के लिए पेजमेकर, कोरल ड्रा, फोटोशॉप आदि) के प्रशिक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।

# प्रयोगशाला परिचारक की लिखित भर्ती परीक्षा 3 अगस्त को

**कांकेर 31 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचारक (चतुर्थ श्रेणी) के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा रविवार 03 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के लगभग 5534 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा श्री लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।उक्त परीक्षा हेतु जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही रोड अलबेलापारा कांकेर, शासकीय विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर कांकेर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर, शासकीय जिला शिक्षा संस्थान एवं प्रशिक्षण केन्द्र (डाईट) कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट और शासकीय कन्या छात्रावास हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट शामिल है। इसी प्रकार सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा कांकेर, शासकीय हाई स्कूल शीतलापारा, पैराडाईज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ईच्छापुर, कृषि कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर सिंगारभाट कांकेर, शासकीय हाई स्कूल बरदेभाठा, जुपिटर पब्लिक स्कूल माहुरबंदपारा कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल आतुरगांव, जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिदेसर, शासकीय हाई स्कूल माकड़ी, शासकीय आईटीआई माकड़ी तथा शासकीय हाई स्कूल डुमाली को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# विधायक लखेश्वर बघेल ने किया सरगीपाल बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण

**जगदलपुर, 31 जुलाई।** बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत सरगीपाल स्थित बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास की जर्जर अवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, छात्रों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना छात्रों ने विधायक श्री बघेल के समक्ष कंबल और जर्सी की मांग रखी, जिस पर उन्होंने शीघ्र आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया निरीक्षण के समय छात्रावास अधीक्षक एवं भृत्य दोनों अनुपस्थित पाए गए, जिसे लेकर विधायक ने गंभीर नाराज़गी व्यक्त की उन्होंने बच्चों से भोजन, स्वास्थ्य,



स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लीविधायक श्री बघेल ने इस अवसर पर संध्या कालीन प्रार्थना में भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया इस दौरान, दो बच्चों की तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने तत्काल दूरभाष पर अधीक्षक को निर्देशित किया कि इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए, और भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने को भी कहा छात्रावास परिसर की साफ-सफाई की स्थिति पर ध्यान आकर्षित करते हुए विधायक ने निर्देशित किया कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित भृत्य को नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिएनिरीक्षण के अंत में विधायक ने आश्वस्त किया कि छात्रावास की मरम्मत, संसाधनों की आपूर्ति एवं आधारभूत ढांचे के उन्नयन हेतु प्रस्ताव संबंधित विभाग को शीघ्र भेजा जायेगा छात्रवास की बदहाल स्थिति उजागर, अधिक्षक के कमरे में व्यवस्थाएं चाकचौबंद क्षेत्र के एक सरकारी छात्रावास का हाल ही में हुए निरीक्षण में दयनीय हालात सामने आए छात्रावास की इमारत काफी जर्जर हालत में है और बच्चों के कमरों में लगातार पानी रिसाव की समस्या बनी हुई है सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि भवन के रखरखाव और मरम्मत की कोई भी व्यवस्था नजर नहीं आई वहीं, निरीक्षण के दौरान जब छात्रावास के अधिक्षक के ऑफिस का जायजा लिया गया तो वहां साफ-सफाई और बेहतर रखरखाव देखने को मिला, जिससे यह सवाल उठता है कि जहां एक ओर कार्यालय को सुसज्जित रखा गया है, वहीं बच्चों के रहने की जगह पर लापरवाही क्यों बरती जा रही हैं बच्चों से जब पूछा गया कि क्या उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध कराए गए हैं, तो उन्होंने शालीनता से बताया कि उन्होंने घर से ही कंबल की व्यवस्था की है हैरानी की बात यह रही कि अधिक्षक के कमरे में कंबलों का बंडल रखा हुआ मिला, जो अभी तक बच्चों तक वितरित नहीं किया गया। इस अव्यवस्था और भेदभाव ने जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, और छात्रावास में रह रहे बच्चों की समस्याओं को जल्द दूर करने की जरूरत को उजागर किया है।

### सारंगढ़ में 1 अगस्त को उद्योग बैंकर्स संवाद

**रायपुर,1 जुलाई ।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निवासियों के छोटे बड़े बिजनेस की कल्पना को साकार करने के लिए जिला व्यापारी एवं उद्योग केंद्र सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा 'उद्योग बैंकर्स संवाद' का एक दिवसीय कार्यशाला 1 अगस्त को आयोजित होगी। कार्यशाला में बिजनेस के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण योजनाओं की जानकारी, एमएसएमई इकाइयों से संबंधित वित्तीय समस्याओं का समाधान, क्रेडिट लिंक योजनाओं (सीजीटीएमएसई, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन आदि) की जानकारी उद्यमियों और बैंकर्स के मध्य प्रत्यक्ष संवाद, महिला उद्यमियों दिया जाएगा।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया दौराः अंडर-19 भारतीय टीम घोषित, वैभव को भी फिर से मिली जगह



**नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसी)।** 14 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बीच 21 सितंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

**इंग्लैंड दौरे पर भी मिली थी वैभव को जगह:** वैभव इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफभारत में टेस्ट सीरीज खेल चुके हैं और इंग्लैंड दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड में उन्होंने 5 वनडे मैचों में 355 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल था। वैभव ने 52 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था।

**इंडिया अंडर-19 टीम :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उप-कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलन पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान। स्टैंडबाय खिलाड़ी: युधजीत गुहा, लक्ष्मण, बी.के. किशोर, अलंकृत रापोल, अर्नव बुग्गा।

### ओलिंपिक 2028 से बाहर हो सकते हैं पाकिस्तान-न्यूजीलैंड

# आईसीसी की क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली बनी बाधा

**128 साल बाद ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी**




**नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसी)।** लॉस एंजिल्स ओलिंपिक 2028 में पूर्व टी-20 वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) द्वारा ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए निर्धारित क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली है। 128 साल बाद 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी हो रही है, जिसमें मेंस और विमेंस टीमें टी-20 फॉर्मेट में हिस्सा लेंगी। इसमें 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी।

**एशिया, ओशिनिया, यूरोप और अफ्रीका से टॉप-टॉप टीमें होंगी क्वालिफाई :** ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, ICC ने ओलिंपिक के लिए क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत एशिया, ओशिनिया, यूरोप, और अफ्रीका की टॉप रैंक वाली टीमें क्वालिफाई करेंगी। मेजबान देश होने के नाते अमेरिका (अमेरिका क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए) को भी सीधा प्रवेश मिलेगा।

इस प्रणाली से वेस्टइंडीज की टीमें भी प्रभावित हो सकती हैं, क्योंकि कैरेबियाई देशों को अमेरिका के साथ एक ही क्षेत्र में रखा गया है। वर्तमान टी-20 रैंकिंग के आधार पर, भारत (एशिया), ऑस्ट्रेलिया (ओशिनिया), ग्रेट ब्रिटेन (यूरोप), और साउथ अफ्रीका (अफ्रीका) क्वालिफाई करेंगे। अमेरिका मेजबान के रूप में हिस्सा लेगा। हालांकि, न्यूजीलैंड (वर्तमान में टी-20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर) को ओशिनिया क्षेत्र से ऑस्ट्रेलिया (दूसरे स्थान पर) के सामने क्वालिफाई करने का मौका नहीं मिलेगा। इसी तरह, पाकिस्तान (आठवें स्थान पर) और श्रीलंका (सातवें स्थान पर) को एशिया क्षेत्र से भारत के सामने जगह नहीं मिलेगी।

**पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की नाराजगी:** रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड आईसीसी के इस फैसले से नाखुश हैं। हालांकि, इस प्रस्ताव को अभी आईसीसी बोर्ड की औपचारिक मंजूरी मिलनी बाकी है, लेकिन इसे बदलने की संभावना कम है।

**मेजबान अमेरिका की चुनौतियां:** हैरानी की बात है कि मेजबान होने के बावजूद अमेरिका की भागीदारी भी अनिश्चित है। ओलिंपिक चार्टर के नियमों के अनुसार, अमेरिका को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यूएस ओलिंपिक और पैरालिंपिक समिति (एसओपीसी) से राष्ट्रीय शासी निकाय (एनजीबी) की मान्यता प्राप्त करनी होगी। यदि अमेरिका यह मान्यता हासिल करने में विफल रहता है, तो उसे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर-8 में जगह बनाई थी और ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान को हराया था।

**महिला टूर्नामेंट का क्वालिफिकेशन:** विमेंस टी-20 टूर्नामेंट के लिए क्वालिफिकेशन अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के आधार पर तय होगा। इस तरह, मेंस और विमेंस टूर्नामेंट के लिए अलग-अलग क्वालिफिकेशन प्रक्रियाएं अपनाई जाएंगी।

### ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार खेला गया

ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार शामिल हुआ था। ओलिंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले क्रिकेट 1900 के पेरिस ओलिंपिक में शामिल हुआ था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर मेडल जीता था। दोनों टीमों के बीच केवल एक ही मैच खेला गया था और इसी मैच को फाइनल घोषित कर दिया गया था।

# चेस वर्ल्ड कप विजेता दिव्या देशमुख का नागपुर में स्वागत



**परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय, फाइनल में कोनेरू हम्पी को हराया था**

**नागपुर, 31 जुलाई (एजेंसी)।** जॉर्जिया के बटुमी में खत्म हुई चेस वर्ल्ड कप में जीतने वाली 19 साल की दिव्या देशमुख का नागपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। बुधवार को जब वे अपने गृहनगर नागपुर लौटीं, तो हवाई अड्डे पर उनके रिश्तेदारों और प्रशंसकों ने उनका भव्य स्वागत किया।

दिव्या ने इस टूर्नामेंट में भारत की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर में हराकर यह खिताब अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दो क्लासिकल गेम ड्रॉ रहे थे, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में दिव्या ने जीत हासिल की।

इस जीत ने दिव्या को ग्रैंडमास्टर (जीएम) का खिताब दिलाया, साथ ही उन्हें कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह और 50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली।

दिव्या ने टूर्नामेंट में अंडरडॉग के रूप में हिस्सा लिया था और उनका लक्ष्य केवल जीएम-नॉर्म हासिल करना था, लेकिन उन्होंने सभी को चौंकाते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।


**दिव्या अपनी मां के साथ नागपुर एयरपोर्ट पर पहुंची :** दिव्या अपनी मां के साथ बटुमी से मुंबई होते हुए नागपुर पहुंचीं। हवाई अड्डे पर उनके प्रशंसक और रिश्तेदार पहले से ही उनके स्वागत के लिए मौजूद थे। दिव्या ने स्वागत पर खुशी जताते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि इतने सारे लोग मेरा स्वागत करने आए हैं। शतरंज को इतना सम्मान मिल रहा है, यह मेरे लिए गर्व की बात है।

**परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय :** दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया, जिनका 2020 में 40 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता ने मेरे करियर में सबसे बड़ा योगदान दिया है। उनके बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती। मेरी बहन आर्या देशमुख, मेरे दादा-दादी, और मेरे पहले कोच राहुल जोशी सर का भी बहुत बड़ा हाथ है। राहुल सर हमेशा चाहते थे कि मैं ग्रैंडमास्टर बनूं, और यह जीत उनके लिए है। दिव्या ने ग्रैंडमास्टर अभिजीत कुंटे को भी अपनी सफलता का भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि अभिजीत सर मेरे लिए लकी चार्म हैं। जब भी वे मेरे साथ होते हैं, मैं ट्रॉफी जीतती हूं।

### 2 से 16 सितंबर तक उज्बेकिस्तान में होने वाले ग्रैंड स्विस में हिस्सा लेंगी

विश्व कप की जीत के बाद दिव्या अब कुछ समय आराम करना चाहती हैं। इसके बाद वे उज्बेकिस्तान के समरकंद में 2 से 16 सितंबर तक होने वाले ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि इस महीने मैं थोड़ा आराम करूंगी और अगले महीने ग्रैंड स्विस में खेलूंगी।‌दिव्या की इस उपलब्धि ने न केवल नागपुर बल्कि पूरे देश को गर्व से भर दिया है। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें शतरंज की दुनिया में एक नया सितारा बना दिया है।

# महिला एथलीट्स को जेंडर टेस्ट कराना होगा वरना वर्ल्ड चैंपियनशिप में नहीं खेल सकेंगी



**मोनाको, 31 जुलाई (एजेंसी)।** महिला एथलीट्स को अब जीवन में एक बार जेंडर टेस्ट कराना जरूरी हो गया है। इसके लिए बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल ने एसआरवाई जीन टेस्ट लागू किया है। जो खिलाड़ी इस टेस्ट से नहीं गुजरेगी, वह वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेगी। यह कानून बीते सालों में जेंडर चेंज कराके महिला बनकर कॉम्पिटिशन में उतरने वाली खिलाड़ियों को रोकने के लिए बनाया गया है।

ये नियम 1 सितंबर 2025 से लागू होगा। 13 सितंबर से टोक्यो में होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिला एथलीट्स इस टेस्ट को पास किए बिना भाग नहीं ले सकेंगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स के अनुसार, यह टेस्ट लाइफ में एक बार ही कराना होगा। गाल से स्वैब या ब्लड सैंपल के जरिए टेस्ट होगा, जिससे खिलाड़ी के जेंडर की पहचान होगी।

वर्ल्ड एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबास्टियन कोए ने कहा- महिला खेलों की गरिमा और निष्पक्षता की रक्षा करना हमारा लक्ष्य है। हमारा मानना है कि अगर कोई महिला खेलों में आए, तो उसे यह विश्वास होना चाहिए कि वहां जैविक (बायोलॉजिकल) बाधा नहीं है। बायोलॉजिकल जेंडर की पुष्टि करना एक महत्वपूर्ण कदम है। हम स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि विमेंस कैटेगरी में कम्पीट करने के लिए आपको बायोलॉजिकल तौर पर महिला होना चाहिए। यह हमेशा से क्लियर था कि बायोलॉजिकल जेंडर से ऊपर लिंग पहचान नहीं हो सकती।

**पेरिस ओलिंपिक में भी हुआ था जेंडर विवाद, अल्जीरियाई बॉक्सर पर पुरुष होने के आरोप :** पेरिस ओलिंपिक के दौरान इटली की एंजेला कैरिनी ने अल्जीरिया की इमान खलीफ के खिलाफ सिर्फ 46 सेकेंड में ही मैच छोड़ दिया था। पेरिस ओलिंपिक के दौरान इटली की एंजेला कैरिनी ने अल्जीरिया की इमान खलीफके खिलाफसिर्फ46 सेकेंड में ही मैच छोड़ दिया था। एक साल पहले पेरिस ओलिंपिक के दौरान बॉक्सिंग में भी जेंडर विवाद हुआ था। तब अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खलीफ पर पुरुष होने के आरोप लगे थे। उनकी प्रतिद्वंद्वी ने यह कहकर मुकाबला छोड़ दिया था कि मुझे पुरुषों से भिड़ा दिया गया है।

## बुलवायो टेस्ट में जिम्बाब्वे 149 पर आउट न्यूजीलैंड ने पहले दिन 92 रन बनाए



**बुलवायो, 31 जुलाई (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के बीच बुलवायो में टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के पहले दिन जिम्बाब्वे टीम महज 149 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने 92 रन बना लिए। डेवोन कॉन्वे 51 और विल यंग 41 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

**जिम्बाब्वे ने 50 के अंदर 3 विकेट गंवाए:** क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने महज 31 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। ब्रायन बेनेट 6, बेन करन 13 और शॉन विलियम्स 2 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए। निक वेल्श ने फिर 27 रन बनाए और टीम को 50 रन के पार पहुंचा दिया। उनके बाद सिकंदर रजा महज 2 रन बनाकर आउट हो गए।

## व्यापार

### आईडीबीआई बैंक के चेयरमैन मनोहरन का निधन, 69 साल की उम्र में हार्ट अटैक आया



**मुंबई, 31 जुलाई (एजेंसी)।** आईडीबीआई बैंक के चैयरमेन और पद्मश्री अ्ह मनोहरन का आज हार्ट अटैक से मुंबई में निधन हो गया। मनोहरन लंबे समय से चार्टर्ड अकाउंटेंसी और कॉरपोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र जुड़े हुए थे। वे इंस्टीट्यूट ऑफचार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफइंडिया (ICAI) के पूर्व अध्यक्ष भी थे। उन्हें टैक्सेशन पर किताबों लिखी किताबों के लिए भी जाना जाता है। मनोहरन केनरा बैंक के चेयरमैन के साथ-साथ महिंद्रा ग्रुप, टेक महिंद्रा के बोर्ड मेंबर और लक्ष्मी विलास बैंक के एडमिनिस्ट्रेटर भी रह चुके हैं।

**सत्यम कंप्यूटर रिवाइवल में निभाई अहम भूमिका:** 2009 में सत्यम कंप्यूटर सर्विसेज में 7,000 करोड़ रुपए के घोटाले से कंपनी डूबने के करीब थी। सरकार ने मनोहरन को कंपनी के बोर्ड में शामिल किया, जहां उन्होंने 100 दिनों में कंपनी को रिवाइव करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी अगुआई में सत्यम कंप्यूटर सर्विसेज का टेक महिंद्रा के साथ विलय हुआ। इसके लिए उन्हें 2009 में ष्टह्र-द्बह्र इंडियन ऑफद ईयर और 2010 में पद्मश्री सम्मान मिला। उन्होंने इस अनुभव पर द टेक फीनिक्स: सत्यम्स 100-डे टर्नअराउंड नामक किताब भी लिखी।

# गिरते शेयर बाजार में क्या करें, क्या न करें?

## स्टॉक्स बेचने से पहले जानिए ये 7 जरूरी बातें वरना हो सकता है बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसी)।** शेयर बाजार का मिजाज बदलते देर नहीं लगती. कभी हरे निशान में भागता बाजार, तो कभी लाल लहरों में डूबता नजर आता है. हाल के दिनों में बाजार में भारी गिरावट ने छोटे से बड़े निवेशक तक को चिंता में डाल दिया है.

सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में बड़ी गिरावट ने एक बार फिर ये सवाल खड़ा कर दिया है – ऐसे वक्त में निवेशकों को क्या करना चाहिए और किन गलतियों से बचना चाहिए? गिरते बाजार का डर स्वाभाविक है, लेकिन समझदारी इसी में है कि भावनाओं की जगह रणनीति से फैसला लिया जाए.

**गिरते बाजार में क्या करें?**

**घबराएं नहीं:** बाजार में गिरावट हमेशा स्थायी नहीं होती. इतिहास गवाह है कि हर बड़ी गिरावट के बाद बाजार ने वापसी की है. अगर आपने मजबूत फंडामेंटल वाली कंपनियों में निवेश किया है, तो गिरावट के दौरान बेचने की नहीं, बल्कि होल्ड करने की सलाह दी जाती है.

**एसआईपी चालू रखें:** बाजार गिरने पर कई निवेशक एसआईपी (सिस्टेमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान) बंद कर देते हैं, जो एक बड़ी गलती है. गिरते बाजार में आपकी एसआईपी से आपको ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं, जो भविष्य में अच्छा रिटर्न दे सकती हैं.

**अवसर की नजर से देखें:** गिरावट के दौरान कई क्वालिटी स्टॉक्स डिस्काउंट में मिलते हैं. अगर आपके पास अतिरिक्त नकद है, तो धीरे-धीरे निवेश करके लॉन्ग टर्म के लिए अच्छा पोर्टफोलियो बना सकते हैं.

**पोर्टफोलियो की समीक्षा करें:** यह समय है यह जांचने का कि क्या आपका पोर्टफोलियो विविध है या सिर्फकुछ सेक्टर्स पर निर्भर है. सेक्टोरल डाइवर्सिफिकेशन आपको अस्थिरता से बचाता है.

**विशेषज्ञों से सलाह लें:** अगर आप खुद निर्णय नहीं ले पा रहे हैं, तो किसी वित्तीय सलाहकार से संपर्क करना बेहतर होगा. अनुभव से लिया गया सुझाव आपको गलत निर्णय से बचा सकता है.



### गिरते बाजार में क्या न करें?

**जल्दबाजी में स्टॉक्स न बेचें:** डर में आकर स्टॉक्स बेचना अक्सर घाटे का सौदा साबित होता है. भावनाओं में बहकर निर्णय न लें.

**उधार लेकर निवेश से बचें:** बाजार में गिरावट के दौरान और ज्यादा पैसा लगाने के लिए लोन लेकर निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है. बाजार की दिशा तय नहीं होती, ऐसे में कर्ज से निवेश फंस सकता है.

**सिर्फटिप्स पर न चलें:** बाजार में अफवाहें और सलाह देने वालों की कमी नहीं होती. बिना रिसर्च या कंपनी के मूलभूत विश्लेषण के निवेश न करें.

**पैनिक सेलिंग न करें:** पैनिक में आकर एक साथ पूरा पोर्टफोलियो बेच देना कई बार लंबे समय तक नुकसान में डाल सकता है. ऐसे में संयम रखना जरूरी है. बाजार में गिरावट भले ही डरावनी लगे, लेकिन वो सही नजरिए से देखा जाए तो यह निवेश का सुनहरा मौका भी हो सकता है. बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराने के बजाय, उन्हें एक रणनीतिक अवसर की तरह लें.

# चांदी 1,655 गिरकर 1.12 लाख रुपए किलो पर आई

**सोने का दाम 603 कम होकर 98,414 प्रति 10 ग्राम हुआ**

**नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 31 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 603 रुपए गिरकर 98,414 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 99,017 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,655 रुपए कम होकर 1,11,745 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,400 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए व चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।



### भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850
**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700
**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700
**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700
**भोपाल:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800

# फसल कटाई के बाद का नुकसान अब होगा कम, बढ़ेगा किसान का मुनाफा

## इस कंपनी ने पेश की नई तकनीक



**नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसी)।** ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम (इंडिया) ने फसल कटाई के बाद खाद्य पदार्थों की बर्बादी कम करने के लिए अमेरिका स्थित एग्रोफ्रेश इंक के समाधानों के वितरण का विस्तार कर रही है. इन समाधानों में फसल कटाई के बाद प्रबंधन की तकनीक शामिल है, जो कोल्ड स्टोरेज पर निर्भरता कम करती है और ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करती है. इससे परिवहन के दौरान उपज के खराब न होने की अवधि बढ़ती है. इस समाधान में मिथाइल साइक्लोप्रोपीन का इस्तेमाल किया जाता है, जो एक प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर है और जो एथिलीन को रोककर पकने में देरी करता है. यह एक एक प्राकृतिक हार्मोन है, जो फलों को अधिक समय तक ताजा रखता है. ट्रॉपिकल एग्रो के पास भारत में इसके उपयोग का विशेष अधिकार है. ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम के अनुसार 'स्मार्टफ्रेश इनबॉक्स' स्टोरेज या ट्रांसपोर्टेशन के दौरान सीधे उत्पाद के बक्सों में रखे जाने वाले पाउच में आता है, जिससे माल की तत्काल आवाजाही संभव हो जाती है.

**भारत में इस फसल के लिए मिली मंजूरी :** इस तकनीक को भारत में सेब के लिए मंजूरी दी गई है, जबकि अन्य फसलों के लिए परीक्षण जारी है. ग्लोबल लेवल पर इस प्रणाली का इस्तेमाल सेब, नाशपाती, आलूबुखारा, कीवी, टमाटर, ब्रोकली, खरबूजे और अन्य फलों पर किया गया है. भारत में, परीक्षणों ने अंगूर, अमरूद, चीकू, अनार और सीताफल पर इसकी प्रभावशीलता दिखाई है.

**'सवाल कल का है' अभियान:** कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह उत्पाद 250 पाउच के पैक में उपलब्ध है, जिनकी खुराक 0.625 ग्राम और 1.25 ग्राम है, ताकि अलग-अलग उत्पादन मात्राओं के अनुसार इसे इस्तेमाल किया जा सके. यह सहयोग ट्रॉपिकल एग्रो की स्थिरता पहलों पर आधारित है, जिसमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने वाला उसका 'सवाल कल का है' अभियान भी शामिल है.

भारत में एग्रोफ्रेश इंक. के अकाउंट मैनेज डॉ. संजय कुमार कुंडू ने कहा, भारत एग्रोफ्रेश के लिए एक प्रमुख बाजार है, और हम ट्रॉपिकल एग्रो के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साहित हैं ताकि हम अपने कटाई-पश्चात नवाचारों को ज़्यादा किसानों और सप्लाई चेन के हितधारकों तक पहुंचा सकें. ट्रॉपिकल एग्रो की मजबूत स्थानीय पहुंच के साथ, हमारा मानना है कि स्मार्टफ्रेश इनबॉक्स का एक परिवर्तनकारी प्रभाव होगा.

# देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का मुनाफा 21% घटा

**पहली तिमाही में ये 2,161 करोड़ रहा, रेवेन्यू 5 प्रतिशत बढ़ा, एक साल में शेयर 28 प्रतिशत चढ़ा**




**नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसी)।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 2,161 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 21त्न घटा है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 2,726 करोड़ रुपए रहा था।

अप्रैल-जून तिमाही में इंडिगो का ऑपरेशन से रेवेन्यू सालाना आधार पर 5% बढ़कर 20,496 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही यानी FY25 की पहली तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 19,570 करोड़ रुपए रहा था। इंडिगो ने आज बुधवार (30 जुलाई) को अप्रैल-जून तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए हैं।

**इस साल में अब तक शेयर का परफॉर्मेंस कैसा रहा:** इंडिगो का शेयर आज 0.67त्न गिरकर 5,718 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर एक महीने में 4% गिरा और 6 महीने में 35% चढ़ा है। एक साल में कंपनी का शेयर 28% चढ़ा है। इंडिगो का मार्केट कैप 2.21 लाख करोड़ रुपए है।

**अप्रैल में दुनिया की सबसे वैल्यूएबल एयरलाइन बनी थी इंडिगो:** अप्रैल में इंडिगो मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से दुनिया की सबसे वैल्यूएबल एयरलाइन बन गई थी। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, इंडिगो ने 9 अप्रैल को अमेरिका बेस्ड डेल्टा एयरलाइन्स को कुछ समय के लिए पीछे छोड़कर ये मुकाम हासिल किया था। हालांकि, इंडिगो करीब 1 घंटे बाद ही दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल एयरलाइन की पोजिशन पर वापस आ गई थी।

**भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है इंडिगो:** मार्केट शेयर के लिहाज से इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है। भारतीय एयरलाइन मार्केट में कंपनी का मार्केट शेयर करीब 64.5त्न है। इसकी स्थापना 2006 में राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल ने की थी। ये रोजाना 2000 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है। 80 से ज्यादा डोमेस्टिक डेस्टिनेशन और 30 से ज्यादा इंटरनेशनल डेस्टिनेशन पर इंडिगो की फ्लाइट चलती है। ये 110+ डेस्टिनेशन को जोड़ती है। एयरलाइन की 320 से ज्यादा एयरक्राफ्ट की फ्लीट है। इसके 50 करोड़ से ज्यादा कस्टमर हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

दूरभाष एवं फैक्स 07856-244910 Email-cmogeedam@gmail.com

क्रमांक/961/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 गीदम, दिनांक 30/07/2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत गीदम द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में प्रचलित पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर. भयन 2015 एवं सड़क 2025 से फार्म 'ए' में प्रतिशत दर पर एवं पंजीकृत फर्मो से सामग्री प्रदाय हेतु फार्म 'सी' में निविदा तीन लिफाफा पद्धति से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से पर निम्न विवरण अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1 आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 12.08.2025 समय 5.00 बजे
2 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 14.08.2025 समय 5.30 बजे
3 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 20.08.2025 समय 4.00 बजे
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 21.08.2025 समय 12.00 बजे

| क्र. | विवरण | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि रू. में | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल सामग्री प्रदाय कार्य | 7.50 | 6000.00 | 750.00 |
| 2 | मोटर पंप एवं स्टार्टर प्रदाय कार्य | 7.50 | 6000.00 | 750.00 |
| 3 | मोटर पम्प, स्टार्टर एवं अन्य मरम्मत कार्य | 8.00 | 6000.00 | 750.00 |
| 4 | स्वच्छता/सफाई सामग्री प्रदाय कार्य | 7.50 | 6000.00 | 750.00 |
| 5 | स्टेशनरी सामग्री प्रदाय कार्य/फ्लैक्स प्रकाशन | 5.00 | 5000.00 | 750.00 |
| 6 | विद्युत सामग्री प्रदाय कार्य | 7.50 | 6000.00 | 750.00 |
| 7 | सी.सी. रोड नाली निर्माण कार्य | 9.50 | 7500.00 | 750.00 |
| 8 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 9.50 | 7500.00 | 750.00 |
| 9 | चबुतरा/मंच निर्माण कार्य | 8.00 | 6000.00 | 750.00 |
| 10 | पाईप लाईन विस्तार कार्य | 8.00 | 6000.00 | 750.00 |
| 11 | सार्वजनिक/सामुदायिक/सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था कार्य। | 9.50 | 7500.00 | 750.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभाग के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम
जिला-द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

## एक नजर

### ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा महिला से 5 लाख की ठगी

**रायपुर, 31 जुलाई।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर युवक से 5 लाख 20 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जयश्री वर्मा 31 वर्ष शिवनगर भनपुरी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि इंस्टाग्राम में वर्कफ्रॉम होम का विज्ञापन देखकर उसमें दिए हुए मोबाइल नंबर से संपर्क किया। जिससे मोबाइल क्रमांक धारक 97016-287225, 970137-69437 के धारक ने प्रार्थिया को ऑनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 5 लाख 20 हजार रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया। जब प्रार्थिया को ठगे जाने का एहसास हुआ, तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




### यात्री की जेब से 25 हजार पार

**रायपुर, 31 जुलाई ।** ऑटो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक यात्री के जेब से 25 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भुनेश्वर साहू 52 वर्ष ग्राम अवरी थाना कुरूद धमतरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह ऑटो में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी पुजारी पार्क के पास ऑटो चालक ने ऑटो खराब हो गया कह कर प्रार्थी को उतार दिया और वहां से भाग निकला। जब प्रार्थी ने अपने जेब चेक किए तो उसमें 25 हजार रुपए नहीं था। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से हजारों रुपए का सामान चोरी

**रायपुर, 31 जुलाई।** पुरानी बस्ती नेवरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 12 हजार सहित, 1 गैस सिलेण्डर, 2 नग मोबाइल और दस्तावेज पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खिलेश देवांगन 27 वर्ष पुरानी बस्ती नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे 2 नग मोबाइल, नकदी 12 हजार रुपए, 1 गैस सिलेण्डर और दस्तावेज पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 17 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 31 जुलाई।** डीडीनगर और उरला थाना पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 127 पाव देशी शराब और एक्टिवा वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने श्रीराम नगर चंगोराभाठा के पास दबिश देकर आरोपी हौदराम यदू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 55 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 270 रुपए जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने राधे होटल के पास एक्टिवा सवार आरोपी राजा देवांगन 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 72 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# हड़ताल पर तहसीलदार, दफ्तरों में सन्नाटा

## निराश होकर लौट रहे लोग, हजारों काम पहले से ही पेंडिंग

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 31 जुलाई।** 17 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के तहसीलदार हड़ताल पर हैं. इसके चलते जमीन संबंधी काम को लेकर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रायपुर के तहसील दफ्तर में सन्नाटा पसरा हुआ है. लोग निराश होकर वापस लौट रहे. तीन दिनों से लोग परेशान हैं. लोग नकल निकालने, त्रुटि सुधार, आय, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व संबंधित कार्य के लिए तहसील कार्यालय पहुंचे, लेकिन अधिकारियों के नहीं होने के कारण कोई काम नहीं हुआ. तीन दिन से तहसीलदार समेत नायब तहसीलदार 17 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं. आज से तहसीलदारों की अनिश्चित कालीन हड़ताल भी शुरू हो चुकी है. इस कारण रायपुर समेत प्रदेशभर के तहसील कार्यालयों में काम ठप है. हड़ताल के कारण तहसील कार्यालयों में सन्नाटा पसरा है.



**रायपुर तहसील ऑफिस में 10 हजार से ज्यादा मामले पेंडिंग**

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर तहसील ऑफिस में करीब 10 हजार से ज्यादा मामले पेंडिंग है, लेकिन हड़ताल के कारण इन मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही. हालांकि राजस्व संबंधित कार्य के लिए आवेदन करने के साथ पेशी की तारीख जानने के लिए गिने-चुने पक्षकार एवं वकील कार्यालय पहुंच रहे. बड़ी संख्या में तहसील ऑफिस पहुंचे हितग्राहियों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से तहसील ऑफिस के चक्कर लगाना पड़ रहा है. यहां आकर पता चला कि तहसीलदार हड़ताल पर हैं.

**पेशी की तारीख जानने वकील भी लगा रहे चक्कर**

कुछ वकील तहसील ऑफिस में पेशी की तारीख जानने तहसील ऑफिस पहुंचे. उनका कहना है कि कोर्ट में ऑलरेडी बहुत काम है और अब तहसीलदार हड़ताल पर हैं. तहसीलदारों के हड़ताल पर जाने से काम और भी बढ़ गया है. पेशी की दिनांक जानने के लिए अब चक्कर लगाने पड़ रहे हैं.

**तहसीलदारों का कैबिन खाली देख उल्टे पांव लौट रहे लोग**

रायपुर में तहसीलदार राममूर्ति दिवान, तहसीलदार राकेश देवांगन और अतिरिक्त तहसीलदार प्रकाश सोनी के दफ्तर भी पूरी तरह खाली दिखाई दिया. लोग तहसील दफ्तर अपने काम को लेकर आते रहे, लेकिन तहसीलदारों का कैबिन खाली देखकर मुंह लटकाकर वापस लौट गए. ऐसे ही स्थिति छत्तीसगढ़ के सभी तहसील दफ्तर में देखने को मिल रही है.

रायपुर में धर्मांतरण का मामला

# गुढ़ियारी इलाके में प्रार्थना सभा के दौरान हंगामा, 5 हिरासत में

**रायपुर, 31 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के मुर्रा भट्टी इलाके में कथित धर्मांतरण को लेकर देर रात बवाल मच गया। जानकारी के अनुसार, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक मकान में हो रही प्रार्थना सभा पर दबिश दी और धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए पांच लोगों को पकड़ा, जिन्हें बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया।

यह घटना भुनेश्वर यादव नामक व्यक्ति के मकान में घटी, जहां लगभग 70 लोगों की मौजूदगी में प्रार्थना सभा आयोजित की गई थी। बजरंग दल का आरोप है कि इस सभा के जरिए वहां मौजूद लोगों का



धर्मांतरण किया जा रहा था। गुढ़ियारी थाना प्रभारी भेखलाल चंद्राकर ने बताया कि रात करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि भुनेश्वर यादव के घर में विवाद हो रहा है। मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया और पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# हाथी के हमले से दो की मौत

## उत्पात से ग्रामीण परेशान



**सरगुजा, 31 जुलाई।** हाथी के हमले से 2 लोगों की मौत हो गई. कल भी हाथी के कुचलने से एक महिला की मौत हुई थी. दो दिन में हाथी हमले से 3 लोगों की मौत हुई है. यह घटना लुंड्रा वन परिक्षेत्र के असकला इलाके की है. दल से बिछड़कर अकेला हाथी क्षेत्र में उत्पात मचा रहा. इससे इलाके के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. मैनपाट इलाके में भी हाथियों का दल लगातार ग्रामीणों के मकान को तोड़ रहे. घटना की सूचना पर डीएफओ मौके के लिए रवाना हुए हैं.

### प्राध्यापकों की भर्ती के लिए लोक सेवा आयोग को शासन ने लिखा पत्र

**रायपुर, 31 जुलाई।** उच्च शिक्षा संचालनालय ने लोक सेवा आयोग को विभिन्न महाविद्यालयों में रिक्त पड़े पदों की शीघ्र भर्ती करने के लिए पत्र लिखा है। संचालनालय से मिली जानकारी के अनुसार इस समय राज्य में 6 से अधिक शासकीय एवं 7 निजी विश्वद्यिालय है। शासकीय महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की कमी है, जिसके चलते 3000 से अधिक अतिथि प्राध्यापकों को सेवा में रखा गया है। इनकी सेवाएं मई जून महीने में ब्रेक कर दी जाती है, जिसके कारण इन्हें वेतन के लाले पड़ जाते हैं। सरकार द्वारा वित्त विभाग से अनुमोदन के बाद नए शैक्षणिक सत्र में कुल पीरियड के आधार पर भुगतान किया जाता है, इसको लेकर अतिथि प्राध्यापक परेशान हैं। इनका नियमित वेतनमान नहीं हो पाता है। संचालनालय के अनुसार सहायक प्राध्यापक के लिए पीएचडी, नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है, लेकिन इसको लेकर प्रत्याशी कम मिलते है इसके कारण यहां पर सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो पाती है।

# बोरियाखुर्द-डुंडा में अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर हुई कार्रवाई

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 31 जुलाई।** आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर बोरियाखूर्द एवं डुण्डा में हो रही अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण पर रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा कार्यवाही की गई है।

यह कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायपुर श्री नंदकु मार चौबे, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, जोन 10 जोन कमिश्नर श्री विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता दव्य श्री सुशील अहीर, श्री योगेश यदु, उप अभियंता श्री रविप्रभात साहू जोन-10 उड़नदस्ता प्रभारी श्री जितेन्द्र कौशिक, सेन्ट्रल उड़नदस्ता प्रभारी मोहम्मद तसव्वर अली एवं रायपुर जिला, पुलिस प्रशासन बल की उपस्थिति में कांदुल रोड जगदम्बा विहार के पास लगभग 10 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई, जिसमें अवैध बाउण्ड्रीवाल को हटाने तथा मार्ग विच्छेदन की कार्यवाही की गयी है। इसी प्रकार डूण्डा दुर्गा विहार के पीछे लगभग 6 एकड़ भूमि पर की गयी अवैध प्लाटिंग पर मार्ग विच्छेदन की कार्यवाही की गयी है। न्यू संतोषी नगर बोरियाखूर्द में रायपुर नगर निगम से बिना अनुमति के किये गये 16 अवैध भवनों के निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की गयी है ।



# बिजली लाइन मेंटनेंस में लापरवाही, एई-जेई निलंबित

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 31 जुलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बलौदाबाजार जिले के बिजली दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान बिजली तार और खंभों में मेंटनेंस की कमी देखी। जिसके बाद लापरवाही बरतने वाले एई और जेई को मौके पर ही निलंबित करने के निर्देश दे दिए।

लवन उप संभाग के कोल्हिया गांव में पुरानी बिजली लाइनों के रखरखाव पर नाराजगी जताते हुए वहां सहायक अभियंता उमाशंकर साहू को निलंबित करने के निर्देश कार्यपालक निदेशक (रायपुर ग्रामीण) को दिए। साथ ही कसडोल के मड़वा गांव में बिजली खंभों में केबल की ऊंचाई को लेकर लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ अभियंता सूरज खटकर को निलंबित करने के निर्देश एसई बलौदाबाजार को दिए। कार्यपालन अभियंता कार्यालय (प्रोजेक्ट) एवं संचारण संधारण संभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया और




अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्टोर से संपर्क बनाए रखने और खराब ट्रांसफार्मर सुधारने तत्काल भेजने कहा। इसके बाद वे बलौदाबाजार और कसडोल क्षेत्र के मैदानी इलाकों में भी विद्युत व्यवस्था देखने पहुंचे। जहां उन्होंने एई और जेई पर त्वरित कार्रवाई की। इस पर अमल करते हुए तत्काल निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। निलंबित अधिकारियों को महासमुंद और कसडोल में अटैच किया गया है। इस दौरान भीम सिंह कंवर ने बलौदाबाजार वृत्त में एई-जेई की मीटिंग ली। साथ ही साथ योजनाओं की समीक्षा की.इस दौरान कलेक्टर भीम सिंह कंवर ने योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट देखकर कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# महादेव घाट क्षेत्र में कावड़ियों के लिए सफाई, प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 31 जुलाई।** राजधानी में अंतिम सावन सोमवार को पश्चिम क्षेत्र के विधायक, बागेश्वर धाम के भक्तों एवं समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा तीन अगस्त को कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। जिसे देखते हुए निगम प्रशासन ने महादेव घाट जाने की रास्ते को पेयजल, प्रकाश और सफाई के निर्देश दिए हैं।

महादेव घाट में इस समय कांवड़ यात्रियों का हुजूम लगा हुआ है। विभिन्न सामाजिक राजनीतिक संगठनों द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। सामाजिक संगठनों द्वारा भक्तों के विश्राम, भोजन आदि की व्यवस्था की जा रही है।

रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेशरी पटेल सहित जोन 8 जोन अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर और माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 के पार्षद श्री महेन्द्र औसर द्वारा एवं कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास , सहायक अभियंता श्री अमन चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन और स्वच्छ्ता निरीक्षक श्री रितेश झा की उपस्थिति में जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 अंतर्गत सावन के पवित्र मास के दौरान महादेवघाट के हटकेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन, पूजन हेतु प्रतिदिन एकत्रित हो रही कावड़ियों की भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुये महादेवघाट सहित आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखवाने सहित अच्छी प्रकाश, पेयजल व्यवस्था का आवश्यक प्रबंधन व्यवस्थित तौर पर सतत मॉनिटरिंग करवाते हुए कायम रखा जाना प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करवाने नगर निगम जोन 8 के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।



निगम जोन 8 जोन अध्यक्ष और वार्ड 69 के पार्षद ने जोन 8 जोन कमिश्नर सहित निरीक्षण करते हुए सावन के पवित्र मास के दौरान रायपुरा महादेवघाट क्षेत्र में लगायी जाने वाली गुमटियों और ठेलों को हटकेश्वरनाथ मंदिर से दूर रखवाने का प्रबंध निरंतरता से सतत मॉनिटरिंग करवाकर किये जाने के निर्देश दिए हैं, ताकि शिवभक्तों और श्रद्धालुओं सहित कावड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना होने पाए।

# वृंदावन गार्डन की महिलाओं ने हर्षोल्लास से मनाया सावन महोत्सव



■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 31 जुलाई।** दलदल सिवनी स्थित वृंदावन गार्डन की महिला मंडली ने विधानसभा रोड स्थित 'लेबल 3' परिसर में पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ सावन महोत्सव का आयोजन किया।

इस अवसर पर पारंपरिक आभूषणों और चटक रंगों की साड़ियों में सजी महिलाओं ने संगीत, हास्य-विनोद और सौहार्दपूर्ण माहौल के साथ सावन की खूबसूरती को जीवंत कर दिया। हरे, पीले, लाल और नीले जैसे जीवंत रंगों से सजे पारंपरिक परिधानों ने आयोजन स्थल को एक रंगारंग उत्सव में बदल दिया। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गीतों और नृत्यों ने जहां मानसून के मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया, वहीं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने समूचे वातावरण को आनंद से भर दिया। इस आयोजन के माध्यम से न केवल सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का प्रयास किया गया, बल्कि भागदौड़ भरी जिंदगी में एक-दूसरे से मिलने-जुलने और सामाजिक जुड़ाव का भी अवसर मिला। कार्यक्रम में नेहा रावत, सरिता दीक्षित, आरती सोनी, प्रमिता मजूमदार, कंचन मानकर, रिया दास, मंजू अग्रवाल, एकता मूंदड़ा सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

# जीवन में हमेशा कल्याण मित्र बनाएं : मनीष सागरजी महाराज

**रायपुर, 31 जुलाई।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में बुधवार को चातुर्मासिक प्रचवनमाला में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि मित्रता दिवस को इस बार ऐसा मनाना है कि हमारा कल्याण हो। देव, गुरु और धर्म से हमारी मित्रता हो। कल्याण मित्र से मित्रता हो। माता-पिता से मित्रता हो। धर्मशास्त्र आदि से हमारी मित्रता हो। सभी को यह संकल्प लेना है कि विकारी मित्र से मित्रता नहीं करना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मैत्री और मोह की लड़ाई जीवन में होती है। मैत्री और मोह का भेद जानने से ही कल्याण संभव है। मित्रता दो तरह की होती है। एक मैत्री भावना रूप और दूसरी मोह भावना रूप। मैत्री भावना रूप होती है तो कल्याण मित्र होते हैं और मोह भावना रूप होती है तो पाप मित्र होते हैं।

हर जीव को दो विश्लेषण अपने जीवन में करना चाहिए क्या



कल्याणकारी है वह क्या पपकारी है। हमें रुचि से नहीं जीना है, सच्चाई से जीना है। अधिकांश लोगों में विकार है। जब विकारी विकार से जुड़ता है तो मोह मित्र बनते हैं।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जब तक पात्रता, योग्यता का विस्तार नहीं होगा, तब तक कुछ नहीं होगा।।केवल भावना से कुछ नहीं होगा। यदि पुण्य से धन मिला है तो उस धन को पुण्य में भी लगाना चाहिए। केवल कमाने के पीछे नहीं भागना है। धन का सदुपयोग हो यह भी हमें देखना है। यह भी विश्लेषण करना है कि धन कम था तो धर्म कितना था और धन अधिक हुआ तो धर्म कितना पहुंचा। केवल धर्म, स्वाध्याय, मंदिर जाने, प्रतिक्रमण करने से ही धर्म नहीं होता। हमारे भाव में क्या चल रहा है, भीतर में क्या चल रहा यही विश्लेषण सदैव करना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हिंसा के मार्ग पर नहीं, हमें अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए। आत्मा की हिंसा नहीं करनी चाहिए। हम अपने भाग्य विधाता स्वयं बनते हैं। राग और द्वेष ही हिंसा की जड़ है। राग और द्वेष को जितना होगा तभी हिंसा से बचा जा सकता है। द्वेष में तो हम लड़ते हैं पर अपने राग से लड़ना चाहिए।

यदि राग से लड़ोगे तो किसी के प्रति द्वेष नहीं होगा। राग ही द्वेष का जनक है। हमारे भीतर का राग ही किसी न किसी के प्रति द्वेष पैदा करता है। इसलिए वीतरागी और विद्वेषी मार्ग पर चलो ऐसा परमात्मा ने संदेश दिया है।

# पुल बहने से आवागमन ठप

## जान जोखिम में डाल ग्रामीण कर रहे आवाजाही



**सूरजपुर, 31 जुलाई।** लगातार बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. मदनगर से राजपुर बलरामपुर को जोड़ने वाला पुल बहने से आवागमन ठप हो गया है. जान जोखिम में डालकर ग्रामीण पुल के एक हिस्से से आना-जाना कर रहे. यह मामला प्रतापपुर ब्लाक के मदननगर गांव का है. बस से आवागमन करने के लिए ग्रामीणों को पांच किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही. ग्रामीणों ने जनपद सीईओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक माह पहले सीईओ को पुल के बारे में सूचना दी गई थी, लेकिन सीईओ ने कोई पहल नहीं की.

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26